फाल्गुन माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 52 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 16 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अब उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री हुई 'दी कश्मीर फाइल्स'

**नई दिल्ली:** इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' को हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी टैक्स फ्री कर दिया गया। प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं मंगलवार को इसकी घोषणा की। योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा, 'उत्तर प्रदेश में दी कश्मीर फाइल्स फिल्म टैक्स फ्री कर दी गई है।' मुख्यमंत्री के इस फैसले से उत्तर प्रदेश की जनता में संतोष है। रिपोर्ट्स के अनुसार बीते दिन योगी आदित्यनाथ ने इस फिल्म को देखा और काफी भावुक हो गये। इसके साथ ही उन्होंने इस फिल्म को अपने राज्य में टैक्स फ्री करने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी, अतुल श्रीवास्तव, भाषा सुंबली, चिन्मय मंडलेकर और पुनीत इस्सर जैसे मंजे हुए सितारों से सजी फिल्म दी कश्मीर फाइल्स बीते 11 मार्च को प्रदर्शित हुई है। यहा दावा किया गया है कि कश्मीरी हिन्दुओं का दर्द बयां करती यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म की कहानी कश्मीर घाटी से हिन्दुओं के पलायन पर आधारित है। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज, आईएएमबुद्धा और अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स बैनर के तहत हुआ है। फिल्म के निर्देशन विवेक रंजन अग्निहोत्री हैं।

## लखीमपुर खीरी कांड : आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने की मांग पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली:** लखीमपुर खीरी कांड के आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट अब कल सुनवाई करेगा। आज यह मामला सुनवाई के लिए लगा था। लेकिन चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा कि वह चाहते हैं कि पहले पूरे मामले को सुन चुकी बेंच ही इस याचिका को भी सुने। कल विशेष बेंच का गठन किया जाएगा। 11 मार्च को लखीमपुर खीरी कांड में मारे गए किसानों के परिजन की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस मामले को मेंशन करते हुए सुनवाई की मांग की थी। उन्होंने चीफ जस्टिस से कहा कि इस मामले के एक गवाह पर 10 मार्च की रात हमला हुआ। वकील प्रशांत भूषण के जरिए दायर याचिका में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली जमानत को रद्द कराने की मांग की गई है। याचिका में कहा कि आशीष मिश्रा की जमानत को उत्तर प्रदेश सरकार ने चुनौती नहीं दी इसलिए हमको कोर्ट आना पड़ा। याचिका में कहा गया है कि इस मामले में चार्जशीट 3 जनवरी को दाखिल की गई है और आशीष मिश्रा ने चार्जशीट की बातों को हाईकोर्ट के संज्ञान में नहीं लाया। बता दें कि वकील शिवकुमार त्रिपाठी और सीएस पांडा ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश रद्द करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि आशीष मिश्रा को जमानत देकर हाईकोर्ट ने गलती की है। याचिका में कहा गया है कि अभी तक केंद्रीय मंत्री से पूछताछ नहीं हुई है। इस मामले में एसआईटी का काम असंतोषजनक है। याचिका में कहा गया है कि आरोपी खुलेआम घुम रहे हैं और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की संभावना है। आशीष मिश्रा के जेल से बाहर आने से गवाहों के प्रभावित होने की आशंका है। गवाहों को अपने जान पर खतरा महसूस हो रहा है। याचिका में एसआईटी से पूरे घटनाक्रम की जानकारी देने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में उत्तरप्रदेश सरकार से मुआवजा देने की मांग की गई है।

## यूएसआई में जनरल रावत की स्मृति में चेयर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित

**नई दिल्ली:** भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) दिवंगत जनरल बिपिन रावत की 65वीं जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना के थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) ने उनकी स्मृति में चेयर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई है। इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को साउथ ब्लॉक में आयोजित एक समारोह में थल सेनाध्यक्ष और चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) के कार्यवाहक अध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने की।

# धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं हिजाबः हाईकोर्ट

### हिजाब पर पाबंदी की खिलाफतः हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत जाने की तैयारी, कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के बाद छात्राओं ने परीक्षा का बायकॉट किया







**बेंगलुरू:** हिजाब विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने छात्राओं की याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि हिजाब धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। स्कूल-कॉलेज में छात्र यूनिफॉर्म पहनने से मना नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि इस्लाम में हिजाब पहनना अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि, स्कूल यूनिफार्म को लेकर बाध्यता एक उचित प्रबंधन है। छात्र या छात्रा इसके लिए इंकार नहीं कर सकते हैं। फैसला आने के बाद सभी न्यायाधीशों की सुरक्षा बड़ा दी गई है। इस मामले की सुनवाई के लिए नौ फरवरी को चीफ जस्टिस रितु राज अवस्थी, जस्टिस कृष्णा एस दीक्षित और जस्टिस जेएम खाजी की बेंच का गठन किया गया था। लड़कियों की ओर से याचिका दायर कर मांग की गई थी कि, क्लास के दौरान भी उन्हें हिजाब पहनने की अनुमति दी जाए, क्योंकि हिजाब उनके धर्म का अनिवार्य हिस्सा है।

**25 फरवरी को पूरी कर ली थी सुनवाई:** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस ममाले में 25 फरवरी को सुनवाई पूरी कर ली थी। साथ ही कोर्ट ने अपना फैसला भी सुरक्षित रख लिया था। फैसले को देखते हुए एहतियातन दक्षिण कन्नड़ के जिला कलेक्टर ने आज (15 मार्च) सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी का आदेश दिया है। इसके साथ ही धारा 144 भी लागू की गई है।

**भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना:** कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने लिखा, 'सत्यमेव जयते... कांग्रेस और पीएफआई के जो लोग हिजाब का राजनीतिकरण कर रहे थे और लोगों के दिमाग में जहर घोल रहे थे उन्हें कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपने फैसले से जवाब दे दिया है। ये लोग अपने वोटबैंक की गंदी राजनीति कर रहे थे। उम्मीद है कि कांग्रेस अब फूट डालो और राज करो की गंदी राजनीति बंद कर देगी।'

**क्या है विवाद का कारण:** कर्नाटक सरकार ने राज्य में कर्नाटक एजुकेशन एक्ट-1983 की धारा 133 लागू की थी। इसके तहत सभी स्कूल-कॉलेज में यूनिफॉर्म अनिवार्य कर दी गई है। ऐसे में सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में तय यूनिफॉर्म ही पहननी होगी। वहीं, प्राइवेट स्कूल भी अपनी यूनिफॉर्म चुन सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद की शुरूआत जनवरी 2022 के दौरान हुई थी। उस वक्त उडुपी के एक सरकारी कॉलेज में छह छात्राएं हिजाब पहनकर कॉलेज पहुंच गई थीं। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं को हिजाब पहनने के लिए मना किया था। इसके बावजूद छात्राएं हिजाब पहनकर पहुंचीं। उन्हें रोका गया तो दूसरे कॉलेजों में भी विवाद होने लगा।

**छात्रों को ज्ञानार्जन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये: प्रह्लाद जोशी**–हिजाब विवाद को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद केंद्रीय संसदीय राज्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की।

### केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने फैसले का स्वागत किया

**तिरुवनंतपुरम:** शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध और इसके विरोध के मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले का केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने स्वागत किया है। हाईकोर्ट की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने साफ किया कि इस्लाम में हिजाब पहनना अनिवार्य धार्मिक अभ्यास नहीं है। स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं यूनिफॉर्म पहनने से मना नहीं कर सकते। राज्यपाल ने इस फैसले को लेकर कहा कि मैं यह मानता हूं कि युवा मुस्लिम महिलाओं में देश के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और योगदान देने की क्षमता है।

### मैं इस फैसले से सहमत नहीं, यह मेरा हक है: असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली:** हिजाब विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले पर एआईएमआईएम प्रमुख व हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि, मैं इस फैसले से सहमत नहीं हूं और यह मेरा हक है। मुझे उम्मीद है कि याचिकाकर्ता इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। ओवैसी ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए। उन्होंने लिखा कि इस फैसले ने धर्म, संस्कृति और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को प्रतिबंधित कर दिया है। इसलिए मुझे यह भी उम्मीद है कि सिर्फ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ही नहीं अन्य धार्मिक संगठन भी इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

**मुसलमान के लिए हिजाब इबादत का हिस्सा:** ओवैसी ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में कहा गया है कि, व्यक्ति को विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था का अधिकार है। अगर मेरा यह विश्वास है कि मेरे लिए सिर को ढंकना आवश्यक है तो मुझे इसे व्यक्त करने का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा कि, एक धर्मनिष्ठ मुसलमान के लिए हिजाब इबादत का हिस्सा है।

### हाईकोर्ट के फैसले के बाद कॉलेज परीक्षा का बहिष्कार बाहर आ गईं छात्राएं



**बेंगलुरु:** कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा हिजाब को इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं मानने और स्कूलों में ड्रेस ही पहनने का फैसला देने के बाद राज्य के एक कॉलेज की छात्राओं ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। हिजाब पहनी हुई ये छात्राएं परीक्षा हॉल से बाहर आ गईं। कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला आने के कुछ समय यह घटना सामने आई। कर्नाटक के यादगिर के सुरापुरा तालुका के केम्बावी सरकारी कॉलेज की छात्राओं परीक्षा का बहिष्कार किया और वे बाहर आ गईं। ये छात्राएं कॉलेज में हिजाब पहनकर ही परीक्षा देने पहुंची थीं। परीक्षा मंगलवार सुबह 10 बजे शुरू हुई थी। यह 1 बजे खत्म होने वाली थी। कॉलेज की प्राचार्य शकुंतला ने इन छात्राओं से कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने को कहा, लेकिन वे नहीं मानीं और परीक्षा कक्ष से बाहर आ गईं।

## बीते सात वर्षों में कृषि और संबद्ध निर्यात में 72.6 फीसदी की हुई वृद्धि : तोमर



**नई दिल्ली:** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि बीते सात वर्षों में कृषि और संबद्ध निर्यात में 72.6 फीसदी की वृद्धि हुई है। तोमर ने मंगलवार को लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि केन्द्र सरकार के किसान हितैषी नीतियों से किसानों लाभान्वित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि भारत सरकार की ओर से किसानों की आय दोगुनी करने के लिए बहुत से कदम उठाए गए हैं। जिसमें कृषि निर्यात की वृद्धि करना भी केंद्रित कार्यकलापों में से एक है।

कृषि निर्यात से किसानों को व्यापक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार का लाभ उठाने में मदद मिल रही है। जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। तोमर ने कहा कि केन्द्र सरकार ने ऐसे कई विकास कार्यक्रमों, योजनाओं, सुधारों और नीतियों को अपनाया है जो किसानों के लिए उच्च आय पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इन सभी नीतियों और कार्यक्रमों के तहत 10 हजार एफपीओ के संवर्धन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई), राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन शहद मिशन (एनबीएचएम), किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) सहित कई ऐसी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## आरबीआई ने 8 सहकारी बैंकों पर जुर्माना ठोका

**नई दिल्ली:** बैंकिंग नियमों का उल्लंघन करने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के 7 राज्यों में काम कर रहे 8 सहकारी बैंकों को आर्थिक रूप से दंडित किया है। ये सहकारी बैंक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, मणिपुर, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और मणिपुर में काम कर रहे हैं। आरबीआई की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने पश्चिम बंगाल के बारासात के सहकारी बैंक नबापल्ली कोऑपरेटिव बैंक पर प्रुडेंशियल इंटर बैंक (ग्रॉस) रिस्क के लिमिटेशन का पालन नहीं करने और प्रुडेंशियल इंटर बैंक काउंटर पार्टी लिमिटेशन का पालन करने में विफल रहने के कारण जुर्माना लगाया है।

## प्रधानमंत्री मोदी का परिवारवाद पर हमला

### भाजपा सांसदों से कहा- आपके बच्चों के टिकट मेरी वजह से कटे

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर परिवारवाद पर हमला बोला है। भाजपा संसदीय दल की मीटिंग में मोदी ने सांसदों से कहा, 'अगर विधानसभा चुनाव में आपके बच्चों के टिकट कटे हैं, तो उसकी वजह मैं हूं। मेरा मानना है कि वंशवाद लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है।' चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत के बाद दिल्ली में पार्टी संसदीय दल की मीटिंग हुई। पीएम ने कहा कि परिवारवाद से जातिवाद को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बीजेपी सांसदों से कड़े लहजे में कहा कि पार्टी में पारिवारिक राजनीति की इजाजत नहीं दी जाएगी। दूसरी पार्टियों की वंशवाद की राजनीति के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी।




**मोदी ने 'द कश्मीर फाइल्स' की तारीफ की:** मीटिंग में मोदी ने 'द कश्मीर फाइल्स' की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में बनती रहनी चाहिए। इनसे सच उजागर होता है। फिल्म में जो दिखाया गया है, कश्मीर के उस सच को दबाने की कोशिश की जाती रही है। पीएम ने भाजपा संसदीय दल की मीटिंग में यूक्रेन से भारतीय छात्रों की वापसी को लेकर भी जानकारी दी। मीटिंग की शुरूआत में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भाजपा की जीत के लिए प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया।

## हार के बाद प्रदेश अध्यक्षों से सोनिया ने मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को पांच राज्यों में मिली चुनावी हार के बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर के प्रदेश अध्यक्षों से इस्तीफा देने को कहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पांचों चुनावी राज्यों के प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्षों को इस्तीफा देने के लिए कहा है।

## खेरसान पर रूस का कब्जा, कीव में कर्फ्यू

**कीव:** यूक्रेन पर हमले के बीसवें दिन रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खेरसान पर कब्जा कर लिया है। रूस की ओर से इस दावे के साथ अब यूक्रेन की राजधानी कीव पर भी हमला तेज कर दिया गया है। यूक्रेन प्रशासन ने भी कीव में कर्फ्यू का ऐलान कर दिया है। पिछले कई दिनों से रूस की सेना यूक्रेन के कई शहरों पर एक साथ हमले की रणनीति पर काम कर रही है। दोनों देशों के बीच वार्ता और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बाद भी रूसी सेना अपने तेवर कमजोर नहीं कर रही है। युद्ध के बीसवें दिन रूस की ओर से दावा किया गया है कि उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खेरसान को पूरी तरह से अपने कब्जे में ले लिया है। कब्जे की पुष्टि करते हुए रूसी रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रतिनिधि मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने कहा कि डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के सैनिकों ने भी यूक्रेनी रक्षा सैनिकों से लोहा लिया और पेंटेलेमोनोव्का पर नियंत्रण कर लिया। खेरासन के बाद रूस के निशाने पर यूक्रेन की राजधानी कीव है। कीव पर रूसी हमले की रफ्तार बढ़ते देख वहां फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह कर्फ्यू 15 मार्च को रात आठ बजे से 17 मार्च को सुबह सात बजे तक लागू रहेगा। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि नागरिकों को बम धमाके से बचने के लिए सिर्फ बंकरों में जाने की अनुमति होगी।




## पंजाब में पहली बार बन सकती है महिला विस स्पीकर



**चंडीगढ़:** पंजाब विधानसभा चुनाव में इस बार कई इतिहास बने हैं। राज्य में पहली बार किसी पार्टी को इतनी बड़ी जीत हासिल हुई है तो वहीं गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले कई युवा चुनाव जीतकर विधान सभा तक पहुंचे हैं। इसके अलावा इस बार आम आदमी पार्टी की तरफ से चुनाव मैदान में उतरीं 12 में से 11 महिलाओं ने जीत दर्ज की है। इसके अलावा पहली बार महिला विधानसभा स्पीकर बनने पर पंजाब की सियासत में सुनहरे अक्षरों में लिखे जाने लायक एक और इतिहास बन सकता है। पंजाब में अब तक 19 विधानसभा स्पीकर रह चुके हैं, जिनमें से अभी तक एक भी महिला शामिल नहीं है। इस बार इस पद के लिए दो महिलाओं के नाम सबसे आगे चल रहे हैं। इनमें सबसे पहला नाम सरबजीत कर माणुके का है, जिन्होंने दूसरी बार जगराओं विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है। इसके अलावा वह पिछली बार पार्टी की उपनेता भी रह चुकी हैं। दूसरा नाम तलवंडी साबों से दूसरी बार विधायक चुनी गईं प्रो. बलजिंदर कौर का है। सूत्रों की मानें तो इसे लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनोनीत मुख्यमंत्री भगवंत मान में चर्चा भी हो चुकी है। यह दोनों महिला विधायक शुरू से ही आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ी हुईं हैं और पंजाब के मुद्दे विधानसभा में जोर-शोर से उठाती रही हैं। दोनों के हलकों के लोग इनके किए कामों से काफी संतुष्ट हैं। आम आदमी पार्टी ने राज्य की 117 विधानसभा सीटों में से 92 सीटों पर जीत दर्ज की है। शानदार जीत के बाद बुधवार को मान शहीद भगत सिंह के गांव खटकड़ कलां में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके अगले दिन ही मान ने विधानसभा का सेशन बुलाया है।

## हथियार प्रणालियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है भारतः राजनाथ



**नई दिल्ली:** पाकिस्तान की सीमा में भारत की मिसाइल गिरने की घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा में बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम अपने हथियार प्रणालियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर किया जाएगा। राजस्थान की सीमा पार कर पाकिस्तान में भारत की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल ने एयरोस्पेस की दुनिया में तहलका मचा दिया है। यह हादसा तकनीकी गलती से सॉफ्टवेयर अपग्रेड करके मिसाइल की रेंज बढ़ाकर परीक्षण किये जाने के दौरान हुआ था। भारत की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज बढ़ाकर नए एयर वर्जन का परीक्षण किये जाने के दौरान यह हादसा हुआ था। परीक्षण करने के दौरान मिसाइल तकनीकी खामी से 09 मार्च को मार्ग से भटककर पाकिस्तान की सीमा में 160 किमी. दूर गिरी थी। इस घटना पर पाकिस्तान ने 10 मार्च को कहा था कि भारत के सिरसा से लॉन्च की गई एक मिसाइल उनके क्षेत्र में मियां चन्नू इलाके में गिरी है। इससे कुछ निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है। भारत ने पाकिस्तान के इस दावे पर 24 घंटे तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी, लेकिन अगले दिन भारत ने स्वीकार किया कि मिसाइल गलती से लॉन्च हुई थी। भारत सरकार ने 11 मार्च को घटना पर खेद जताते हुए उच्चस्तरीय कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इस पर गंभीरता से विचार करते हुए कहा है कि यह घटना जहां बेहद खेदजनक है, वहीं राहत की बात यह भी है कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

भारत के जांच बिठाने के बाद पाकिस्तान ने इस मामले की संयुक्त रूप से जांच करने का प्रस्ताव दिया है, लेकिन भारत की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। भारतीय वायुसेना को दुनिया की सबसे ताकतवर मिसाइल ब्रह्मोस का नया वेरिएंट मिलने पर भारत की मारक क्षमता 800 किलोमीटर दूर तक हो जाएगी। पूरे मामले पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा में बयान दिया। उन्होंने सदन को भरोसा दिलाया कि भारत की मिसाइल प्रणाली बहुत विश्वसनीय और सुरक्षित है। इसके अलावा, हमारी सुरक्षा प्रक्रियाएं और प्रोटोकॉल उच्चतम हैं और समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाती है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बल अच्छी तरह से प्रशिक्षित और अनुशासित हैं और ऐसी प्रणालियों को संभालने में अच्छी तरह से अनुभवी हैं। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि इस घटना के मद्देनजर संचालन, रखरखाव और निरीक्षण के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा की जा रही है। हम अपनी हथियार प्रणालियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर किया जाएगा।

## वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं में आई कमी : गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) संबंधी हिंसा की घटनाओं में 77 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2009 में सबसे अधिक 2258 घटनाएं हुई थी और यह कम होकर वर्ष 2021 में 509 रह गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी देते हुए कहा कि आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में भी 85 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2010 में सर्वाधिक 1005 मौतें हुई थी और वर्ष 2021 में इनकी संख्या घटकर 47 हो गई।

## खबर संक्षेप

### पूर्व चेयरमैन की लम्बी बीमारी के बाद देहशांत शोक की लहर

**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा के पूर्व चेयरमैन हाजी मोहम्मद नोमान का लम्बी बीमारी के बाद मंगलवार को देहशांत हो गया। उनकी मौत की सूचना मिलते ही उनके आवास पर लोगों की भीड उमड पडी। देर शाम उनको सुपुर्द खाक कर दिया गया। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के पूर्व चेयरमैन हाजी मोहम्मद नोमान का लम्बी बीमारी के बाद मंगलवार को देहशांत हो गया । पूर्व चेयरमैन की मौत की सूचना पर उनके आवास पर लोगों का मजमा लग गया। मृतक चेयरमैन को देर शाम पूरे मियां जी स्थित उनके आबाई कब्रिस्तान में हजारों लोगों ने नम आंखों से सुपुर्द खाक कर दिया। पूर्व चेयरमैन की मौत पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। एक शोक बैठक में दो मिनट का मौन रख कर मृतक के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई । इस अवसर पर मोहम्मद हासिम ,बेलाल, पप्पू ,मेराज, सगीर, फजलुर्रब, रवि साहू ,प्रदीप केसरवानी, गुड्डू, राशिद जमील सहित नगर पंचायत के सभासद और कार्यालय का पूरा स्टाप आदि मौजूद थे।

# सिपाही पुत्र यमुना नदी में डूबा, तलाश जारी

**अखंड भारत संदेश**

## दोस्तों संग गया था स्नान करने

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अरैल घाट के समीप मंगलवार को दोस्तों संग स्नान करने गए एक सिपाही का पुत्र पानी के तेज बहाव में बह गया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ ही जल पुलिस व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और घंटों कड़ी मशक्कत के बाद भी डूबे हुए युवक का कोई सुराग नहीं लगा।

जानकारी के मुताबिक ओम प्रकाश सिंह प्रतापगढ़ जिले में सिपाही पद पर तैनात हैं। वह अपनी पत्नी, दो पुत्र व एक बेटी के साथ नैनी कोतवाली क्षेत्र के पीएसी कॉलोनी में रहते हैं। पीडीए कॉलोनी निवासी वैभव शुक्ला, रितेश शुक्ला, अभिजीत त्रिपाठी और पीएसी कॉलोनी के रहने वाले ओम प्रकाश सिंह के पुत्र पीयूष सिंह (19) चारों आपस में दोस्त हैं। बताया जाता है कि मंगलवार दोपहर को वह सभी वाहनों पर सवार होकर अरैल घाट के समीप पहुंचे। चारों अरैल घाट व सेल्फी प्वाइंट के समीप यमुना नदी में स्नान करने लगे। इसी दौरान तीन दोस्त पानी के तेज बहाव में बहने लगे। यह देख मौजूद स्थानीय लोगों ने पानी में उतर कर दो युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिए, लेकिन पीयूष सिंह पानी के तेज बहाव में आगे की ओर



यमुना में डूबे युवक की तलाश में प्रयासरत पुलिस अधिकारी व इन्सेट में डूबे हुए युवक की फाइल फोटो

बहता चला गया। जिससे वहां पर भारी हड़कंप मच गया और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर करछना क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार यादव, इंस्पेक्टर केपी सिंह, एसएसआई अजय सिंह, अरैल पुलिस चौकी प्रभारी आशीष सिंह यादव सहित जल पुलिस के प्रभारी कड़ेदीन यादव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के निर्देश पर जल पुलिस के जवान व गोताखोरों की टीम को पानी में उतारा गया। दिनभर की कड़ी मशक्कत के बाद भी डूबे हुए प्रतियोगी छात्र का कोई सुराग नहीं लगा। इतना ही नहीं श्री सोमेश्वर नाथ घाट के समीप यमुना नदी में जाल को भी लगाया गया, लेकिन, देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चला।

### पिटाई में घायल युवक की उपचार के दौरान तीन दिन बाद मौत

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट में 12 मार्च की रात में एक युवक हैंडपंप के पास खून से लतफथ बेहोशी की हालत में पडा मिला था। जिसे पुलिस स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती करायी थी।डाक्टरों के जवाब देने पर उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था । जहां उपचार के दौरान मंगलवार को सईद नामक युवक की मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है । इंस्पेक्टर ने बता की अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी मोहम्मद सईद 35 वर्ष पुत्र बचई फकीर अपने दो अन्य मित्रों के साथ 12 मार्च को मध्य रात में बाइक से मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला कोट में आए थे। बताया गया है कि तीनों नशे की हालत में थे। बताते हैं कि किसी से विवाद होने के पश्चात मार पीट हुई थी । बाइक इंडिया मार्का हैंडपंप में टकरा गई । जहां सईद को गंभीर चोटें लगने से घायल हो गया था। सईद वहीं पडा तडपता रहा । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सईद को स्वरूप रानी में भर्ती कराया था। सईद की पत्नी राबिया बानों ने मऊआइमा थाने में अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया था। उपचार के दौरान सईद की मंगलवार को दोपहर में मौत हो गयी। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह का कहना है कि मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि छात्र की मौत, लखनऊ में चल रहा था इलाज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के एक छात्र की मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। वह विधि का छात्र था और आठ मार्च को शताब्दी हॉस्टल में आग की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया। इलाज के लिए उसे प्रयागराज के ही स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया था। सात दिन तक जिंदगी और मौत के बीच वह जूझता रहा और मंगलवार की सुबह उसने अंतिम सांस ली। मौत की सूचना पर एक तरफ जहां परिवार के लोग व्यथित हैं तो वहीं विश्वविद्यालय परिवार में भी शोक है।

### लैंप बना मौत का कारण

मृतक छात्र अभिषेक मूलतः पड़ोसी जनपद कौशांबी के अजुहा स्थित मलाका टांडा गांव का रहने वाला था। वह बीए एलएलबी के अंतिम सेमेस्टर का छात्र था। पिता राजेश यादव किसान हैं। हास्टल में रहने वाले अन्य प्रत्यक्षदर्शी छात्रों ने बताया कि साम मार्च की रात अभिषेक अपने कमरा संख्या 85 में सो रहा था। देर रात वह कमरे से चिल्लाते हुए बाहर आया। सभी छात्र अपने अपने कमरों से बाहर आ गए।अभिषेक पूरी तरह आग से घिरा हुआ था। छात्र उसे अस्पताल लेकर भागे लेकिन वह गंभीर स्थिति में था उसे तुरंत लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था और मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि उसकी मौत का कारण लैंप बना जिससे वह पढ़ाई करता था। लैंप मेज पर रखा था उसका तार पिघलकर बिस्तर पर गिर गया और आग लग गई। उसी बिस्तर पर अभिषेक सो रहा था। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव ने 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी की थी।

# सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान : मंडलायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भारत सरकार द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में जिसके अंतर्गत स्मार्ट सिटीज को डीकन्जेस्ट करने, प्रदूषण मुक्त बनाने एवं उद्योग के दृष्टिकोण से और विकसित करने के दृष्टिगत सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान बनाने को कहा गया है उसकी समीक्षा आज मंडलायुक्त श्री संजय गोयल ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यालय स्थित त्रिवेणी सभागार में बैठक कर की। उन्होंने शहर में भीड़भाड़ कम करने के साथ-साथ आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति दुकानों तक एवं वहां से ग्राहकों तक बिना ट्रैफिक संबंधित समस्याओं को बढ़ाते हुए कैसे और बेहतर तरीके से की जा सकती है तथा शहर को पर्यावरण की दृष्टि से कैसे और बेहतर बनाया जा सकता है उसके दृष्टिगत एक प्रॉब्लम स्टेटमेंट बनाने के निर्देश दिए हैं। प्रॉब्लम स्टेटमेंट बनाने से इन सभी कार्यों को करने में किस तरह की




अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त

समस्याएं आ रही हैं वह साफ हो जाएगा जिसके बाद उनके निराकरण हेतु कार्य योजना बनाना आसान हो जाएगा।इस क्रम में उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को देश के जिन भी शहरों में सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान तैयार किया जा चुका है उसका अध्ययन करने एवं कंसल्टेंट्स आबद्ध करने के भी निर्देश दिए हैं। यह कंसल्टेंट्स प्रॉब्लम स्टेटमेंट को तयार करने एवं उससे सामने आई समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य योजना तैयार करने में मदद कर सकेंगे। मंडल आयुक्त ने सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान को शहर के मास्टर प्लान से भी इंटीग्रेट करने का सुझाव दिया है जिससे इस पर कार्य करना आसान हो जाएगा। इसी संबंध में उन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों पर ट्रैफिक लोड का भी अध्ययन करने को कहा है।

### चोरों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत, आये दिन चोर चोरी की घटना को दे रहे अंजाम

**मेजा रोड।** चोरो को नही रहा खाकी का डर ग्रामीण क्षेत्र मे आये दिन घटना को दे रहे अंजाम।चोरो ने घटना को बेखुबी हाथ साफ किया। मामला इलाकाई थाना क्षेत्र के पकरी सेवार के खटिकान बस्ती का है। संजय सोनकर पुत्र खिलाड़ी सोनकर के घर में घुसकर घटना को दिया अंजाम आपको बता दें कि बीती रात परिवार के सदस्य खाना पीना खाकर सोए हुए थे कि रात का फायदा उठाते हुए चोर घर में घुसे और कमरे में रखे बसों को निकालकर उसमें रखी कुछ जेवरात व ?8000 नकदी निकाल ले गए परिजनों ने जब सुबह दरवाजे पर बॉक्स पड़ा देखा और सामान बिखरा हुआ पढ़ा था तो हक्का बक्का रह गए। चोरी की घटना जैसे ही आस-पड़ोस के लोगों को हुई तो भीड़ जुट गई वही वही चोरों ने चोरी की नियत से दूसरे घर को भी निशाना बनाने की फिराक में थे रात काफी बीत जाने की वजह से लोगों के जागने की आहट पाकर भाग चले। वहीं पड़ोस के बिरजू सोनकर ने बताया कि हम अपने घर में बिस्तर पर लेटे थे कि तकरीबन 2:30 बजे होंगे तब तक सामने कोई आदमी दिखाई दिया बोल दिए कि कौन हो बस क्या था की आनन-फानन में चोर अपना जूता व एक डंडा फोन करो भाग निकला।

# बसपा संस्थापक कांशीराम का 88 वां जन्मदिन मनाया गया सादगी से

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बामसेफ, डीएस -4 तथा बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन मसीहा परिवर्तन के महानायक कांशीराम का 88 वाँ जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मम्फोर्डगंज स्थित बसपा के मण्डल कार्यालय पर मनाई गई। उक्त अवसर पर उपस्थित बसपा समर्थकों व पार्टी पदाधिकारियों ने बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा बसपा प्रमुख बहन मायावती के नेतृत्व में बसपा को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

**जयंती कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे दस विधानसभाओ के प्रत्याशी**

बहुजन समाज पार्टी के जिला कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती के अवसर पर जनपद प्रयागराज में विधानसभा के बारह प्रत्याशियों में मात्र कोरांव (सुरक्षित) से रहे बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक राजबली जैसल तथा सोरांव से प्रत्याशी रहे आनन्द कुमार पासी ही बसपा संस्थापक की जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित रहे जबकि करक्षना, मेजा, बारा, उत्तरी, दक्षिणी, पश्चिमी, फाफामऊ, फूलपुर, प्रतापपुर, हंड़िया के प्रत्याशी कार्यक्रम में नदारत रहे।

**विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार पर कार्यकताओं ने किया मंथन मुख्य सेक्टर प्रभारियों को जिम्मेदार ठहराया, जयंती पर नही दिखे बसपा के दस प्रत्याशी**



बसपा संस्थापक का 88 वां जन्मदिवस मनाते बसपा नेता व कार्यकर्ता।

**कार्यकताओं ने हार पर किया मंथन मुख्य सेक्टर प्रभारियों को जिम्मेदार ठहराया :** कार्यक्रम के अवसर जिले के तमाम कार्यकताओं में युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती के नेतृत्व को मजबूत करने, बसपा के खोए जनाधार को वापस लाने का संकल्प लेते हुए विधानसभा के चुनाव में मिली करारी पराजय के लिए पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया। बसपा कार्यकताओं ने कहा कि यदि मुख्य सेक्टर प्रभारी सही ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन किये होते तो इतनी करारी पराजय न मिलती। बसपा संस्थापक को सुबह ग्यारह बजे से ही उन्हें पुष्पांजलि करने के लिए तांता लगा रहा जो देर शाम पांच बजे तक चलता रहा। जयंती के अवसर पर मुख्य सेक्टर प्रभारी अशोक गौतम, राजू गौतम, गुलाब चमार, जगन्नाथ पाल, आरएन पांथरी, जिलाध्यक्ष बाबूलाल भंवरा, टीकेश गौतम, एड. रामबृज गौतम, सन्तोष हेला, अतुल टीटू, अभिषेक गौतम, रामसमाज गौतम, सुशील गौतम, मूलचन्द गौंड़, डा. एसपी सिद्धार्थ, डा. अमृतलाल, जीडी गौतम, योगेश्वर कांत, चिंतामणि वर्मा, दीपचंद्र गौतम, सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने बसपा संस्थापक याद किया।

## न्यूज झरोखा

### तीन शातिर गिरफ्तार आधा दर्जन बाइक बरामद



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पुराने पुल के समीप बीती रात पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान तीन शातिर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की आधा दर्जन बाइक बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। सभी के खिलाफ नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर मंगलवार को चालान कर दिया गया। आला अधिकारियों के निर्देश पर सोमवार रात को नैनी कोतवाली क्षेत्र के पुराने पुल के समीप वाहनों और संदिग्ध लोगों की चेकिंग अभियान जारी था। इसी दौरान पुलिस ने तीन शातिर को गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा पूर्व पट्टी निवासी सतवन उर्फ छोटू उर्फ गोलू पुत्र राम जी, डांडी निवासी विप्लव उर्फ विशू मसीह पुत्र विनय मसीह व जीतेंद्र पुत्र ज्ञानचंद सरोज हैं और उनके कब्जे से चोरी की आधा दर्जन बाइक बरामद होने पर सभी के खिलाफ नैनी कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया गया।

### होलिका दहन स्थल का एसडीएम बारा ने किया निरीक्षण



**लालापुर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को बारा एसडीएम सौम्या गुरूरानी ने पडुआ, लालापुर, मदुरी, तथा आस पास के अन्य गांवों में मौके पर पहुंचकर होलिका दहन के स्थान को देखते हुए होली का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए में शांति मय मनाने के लिए गांव के प्रधान दीपेश मिश्रा तथा संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क किया। उपजिलाधिकारी बारा ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि होली का पर्व सभी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को अपने गले लगाने का होता है। उन्होंने बताया कि जो लोग इस पर्व पर अशांति फैलाने का दुस्साहस करेंगे या कच्ची शराब बनाकर उसे बेचने का धंधा करेंगे ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र से आए सभी प्रधानों, पूर्व प्रधानों व अन्य गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी गांव में होली जलाने के स्थल को लेकर कोई विवाद उपजता है तो वह इसकी सूचना थाने के पुलिस व उनके फोन नंबर पर किसी समय भी दे सकते हैं।

### निशुल्क स्वास्थ्य हेल्थ चेकअप शिविर का हुआ आयोजन




**मेजा रोड।** उरूवा विकासखंड अंतर्गत रामनगर (मवइया रोड) स्थित ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में मां पीतांबरा शिक्षा समिति द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अन्य ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य, मुख एवं दांत संबंधित रोगों के परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए रोगियों एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं को निशुल्क जांच परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। इस स्वास्थ्य शिविर में आए हुए प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए रोगियों एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए निशुल्क जांच परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। जिसके बाद स्वास्थ्य के प्रति कैसे सजग रहें एवं मुख व दांतो को साफ सुथरा रखने में किस प्रकार की सावधानियां के बारे में भी जानकारियां दी गयी। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में करीब दूरदराज से आए करीब 115 रोगियों एवं विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस निशुल्क जांच शिविर में डॉ महेंद्र सिंह (एम.बी.बी.एस.), डॉक्टर आमिर (बी.डी.एम.डी.एस.), डॉक्टर नीरज (बी.डी.एस.), डॉ धीरज (बी.ए.एम.एस.) एवं विद्यालय समिति के संस्थापक अशोक कुमार मैनेजर दुर्गावती देवी एवं एसएन तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शुआट्स में फिल्म मेकिंग एण्ड ईडीटिंग पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मॉस कम्युनिकेशन, शुआट्स एवं द थर्ड बेल के संयुक्त तत्वाधान में एस.एफ.एम.सी. के शूटिंग फ्लोर में फिल्म एडवरटाइजिंग मेकिंग एवं एडीटिंग पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता फिल्म जगत के मशहूर निर्देशक, लेखक एवं संपादक राहुल श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम की शुरूआत इंजीनियर अमित के द्वारा प्रार्थना से शुरू हुई। तदोपरांत स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मॉस कम्युनिकेशन के डीन डॉ0 सैयद एच. मजहर ने मुख्य वक्ता को बुके देकर उनका स्वागत किया।

द थर्ड बेल के डायरेकर आलोक नायर ने मुख्य वक्ता का परिचय कराते हुए बताया कि राहुल जी ने अपना स्नातक एफ. टी. आई. से कम्प्लीट किया जिसके बाद उन्होंने बहुत सारी एड फिल्म बनाई एवं उन्होंने साहेब बीवी और गैंगेस्टर एवं बुलेट राजा की इडीटिंग की है। तथा फिल्म इतवार का निर्देशन किया है। मुख्य वक्ता राहुल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में स्नातक के बाद से फिल्म जगत में कामयाबी पाने तक की अपनी यात्रा के विषय में कुछ मोटीवेशन बाते बताई एवं फिल्म मेकिंग एण्ड इडीटिंग की




शुआट्स में फिल्म मेकिंग एण्ड ईडीटिंग पर बोलते निदेशक राहुल श्रीवास्तव

बारीकियों को बताया। उन्होंने कहा कि फिल्म ईडीटिंग एक ऐसी आर्ट है जो आपको डायेरेक्टर बना सकती है। उन्होंने अपने संबोधन में फिल्म राईटिंग, डायरेक्शन एवं फिल्म ईडीटर के बीच किस तरह से समंवय स्थापित होता है इसके विषय में भी बताया। अपने व्याख्यान के अंत में छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर दिया एवं फिल्म जगत में रूचि रखने वाले छात्रों मनोरमा ईयरबुक को पढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम के अन्त में स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मॉस कम्युनिकेशन के डीन डॉ0 सैयद एच. मजहर ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित एस.एफ.एम.सी. फेकल्टी अनन्त श्रीवास्तव, अमित विलियम, राममणी त्रिपाठी एवं अनीशा हेनरी एवं आदि उपस्थित रहे।




स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक करते बच्चे

### नीलकंठ एस ड्ब्ल्यू एम व कैरियर कन्सल्टेंट एसोसिएशन ने निकाली स्वच्छता रैली

**प्रयागराज।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022के अन्तर्गत मंगलवार को नीलकंठ एस ड्ब्ल्यू एम व कैरियर कन्सल्टेंट एसोसिएशन के तत्वावधान मे नगर के मुट्ठी गंज जोन के वार्ड वार्ड नंबर 27 सदियाबाद के शास्त्रीनगर सफाई मित्र को गीला कूडा,व सूखा कूडा अलग करके देने के लीए स्वच्छता रैली के माध्यम से जनजागरूकता अभियान जारी रहा । स्वच्छता रैली का कार्यक्रम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल शास्त्रीनगर से दुगार्पार्क में संपन्न हुआ। है , जिसमे नीलकंठ यस डबल्यू यम, साईड हेड यतेन्द्र सिह व हेड ,सेनेटरी इन्सपेक्टर राकेश भार्गव , प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप मिश्रा, राजीव श्रीवास्तव, सुपरवाइजर सत्यम पाल व प्रशांत सिंह सीसीए संस्था समन्वयक उज्जवल पाण्डेय , सुपरवाइजर अर्चना एवम अजय, रोहित, पूजा, पूनम, पूजा वर्मा, आकाश , नील तथा स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र दुबे और उनके समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# केंद्रीय कारागार नैनी में बंद, दो बंदियों की इलाज के दौरान हुई मौत

**नैनी।** केंद्रीय कारागार नैनी में सजा काट रहे दो बंदियों की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश के पन्ना जिला स्थित आजमगढ़ थाना क्षेत्र के भानपुर गांव निवासी राम खिलावन पुत्र भगवान दास के खिलाफ बांदा जिला के कालिंजर थाने में बीते 2015 में धारा 304 व 308 के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। बीते मई 2017 को न्यायालय के आदेश पर उसे 10 वर्ष का कारावास सजा से दंडित किया गया और जून 2017 से केंद्रीय कारागार नैनी में सजा काट रहा था। बीमार होने के बाद जेल प्रशासन की ओर से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां सोमवार शाम को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार फूलपुर थाना क्षेत्र के चिरौडी गांव निवासी आशीष मौर्या पुत्र मुन्नू उर्फ अभयराज के खिलाफ धारा 376, 507, 383 व 452 आईपीसी एवं 3 (2)5 एससी एसटी के तहत थरवई थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। बीते 1 अगस्त 2020 को केंद्रीय कारागार नैनी में दाखिल कराया गया था। जिसकी तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता अनुकरणीय : श्याम जी

**जंघई।** चनेथू डीह गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में समापन दिवस पर मंगलवार को कथा व्यास श्याम जी महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन विस्तार से श्रद्धालुओं सुनाया। कृष्ण-सुदामा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा को गले लगाकर समूचे संसार मे मित्रता का संदेश दिया कि मित्रता में बड़ा छोटा नही बल्कि आत्मीयता व प्रेम इसकी अनोखी डोर है।गरीब सुदामा का भगवान ने पाव पखारते हुए समाज को नई दिशा प्रदान किया है। सुदामा चरित्र से हम लोगो को अपने जीवन में सीख लेने की आवश्यकता है। श्रीकृष्ण-सुदामा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव से ओत-प्रोत हो गए कथा समापन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर सहयोगियों में जयप्रकाश उपाध्याय, रामप्रकाश पांडेय, रामअभिलाष पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, मंगला उपाध्याय, देवमणि तिवारी, सुशील उपाध्याय, त्रिभुवन नाथ उपाध्याय, संजय उपाध्याय, अशोक मिश्रा, सुरेश मिश्रा, राजेंद्र पांडेय सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।


## सूचना

मेरा बीएड फाइनल वर्ष 2018-19 अनुक्रमांक 1710490141054 का अंक पत्र वास्तव मे खों गया है।

**पूनम पाण्डेय**
**पुत्री तारकेश्वर पाण्डेय**
**पता- शिवनगर देवरख रोड अरैल प्रयागराज।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरहरा कोरांव प्रयागराज

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कुरहरा में पंचम राज्य वित्त,चौदहवां वित्त,पंद्रहवां वित्त, मनरेगा, द्वारा ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन मरम्मत कार्य,बाऊंड्रिवाल,इंटर लाकिंग कार्य,टाइल्स,फर्श, विद्यु ति करण, इनवर्टर मेंज कुर्सी आलमारी वगैरह, भवन प्रांगण में इंटर लाकींग कार्य,ग्राम पंचायत में नाली पक्की निर्माण,डब्ल्यू वी एम कार्य,ग्राम में हैंडपंप मरम्मत कार्य,हैंड पंप रीबोर कार्य,व ग्राम में पेयजल टंकी,रनिंग वाटर आदि कार्य,ग्राम पंचायत में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य,पंचायत भवन,प्रायमरी स्कूल आंगनवाडी केंद्र की रंगाई पोताई,वाल पे टिंग, ह्युम पाईप, चेकडैम निर्माण कार्य, बन्धा निर्माण कार्य, ब्रीड गार्ड, स्ट्रीट लाइट,व सोलर लाइट, प्रसासनिक ब्यय,स्कूल में इंटर लाकिग कार्य,गांव में चबूतरा निर्माण कार्य,कूप जगत निर्माण कार्य,ग्राम सभा में हैंड पंप चरही निर्माण कार्य, ग्राम की सभी पक्की रोडों मार्गो की सफाई, मरम्मत,ग्राम पंचायत में पेयजल टैंकर क्रय किए जाने का कार्य,मनरेगा से नाली,इंटर लाकींग, डब्ल्यूबीएम कच्ची सम्पर्क मार्ग, तालाबों की खुदाई, सफाई, सुंदरीकरण, वृक्छारो पण,मार्गो की सफाई,मरम्मती करण,गोशाला, कैटिल सेड,मुर्गी,बकरी,सुवर पालन,डेयरी,सफाई कर्मी किट,खरांजा कार्य,मिटटी पटाई,मेडबंदी,समतलीकरण कार्य हेतु,दिनांक 15 मार्च 2022 से 21 मार्च 2022 तक सीलबन्द निविदा अधोहस्ताछरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 23 मार्च 2022 को पंचायत भवन या प्रायमरी स्कूल में उपस्थित फर्मो के समक्छ खोला जाएगा। फर्मो का जी एस टी नंबर होना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार समिति के पास होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत आकलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष ,2022/23 में कराए जाने हेतु सभी कार्यो में प्रभावी होगी।

**राघो प्रसाद यादव**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**कुरहरां कोरांव**
**प्रयागराज**

**राजेश कुमार**
**(प्रधान)**
**ग्राम पंचायत कुरहरा**
**ब्लॉक कोरांव प्रयागराज**

# परीक्षा केन्द्र पर गड़बड़ी होने पर दर्ज होगी एफआईआर: जिलाधिकारी

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा सम्बन्धी बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा 2022 को शुचिता पूर्ण नकल विहीन पारदर्शिता पूर्ण कुशल ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल की अध्यक्षता में बैठक राजकीय इंटर कॉलेज के परिसर में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सर्वदानंद के निर्देशन में संपन्न हुई जिसमें शासन द्वारा नामित जिले के लिए नोडल अधिकारी बोर्ड परीक्षा आरपी यादव डिप्टी डायरेक्टर राज्य परियोजना निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं समस्त जनपद के केंद्र व्यवस्थापक तथा सह केंद्र व्यवस्थापक एवं परीक्षा से जुड़े हुए अधिकारीगण शामिल हुए।

बैठक में बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन पारदर्शिता पूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराना है.किसी भी परीक्षा केंद्र पर गड़बड़ी पाए जाने पर या नकल की शिकायत होने पर या पेपर लीक होने की शिकायत पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी और केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई जाएगी।

परीक्षार्थियों को परीक्षार्थियों को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा ने प्रतिभाग कराया जाए। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन पूर्णतया वर्जित है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सभी केंद्र स्थापक पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराएंगे।


बोर्ड परीक्षा सम्बन्धी बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल

डीडीआर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षा को सकुशल, निष्पक्षता पूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने की हम सभी की जिम्मेदारी है। आवश्यकता इस बात की है कि हम शासन के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षा को गंभीरता से लें और अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता पूर्वक करें। इस अवसर पर उन्होंने जनपद में स्थापित कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया। बैठक के प्रारंभ में जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिलाधिकारी का स्वागत किया और बोर्ड परीक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि सभी केंद्रों पर जनपद में स्थापित कंट्रोल रूम एवं प्रदेश में स्थापित कंट्रोल रूम से परीक्षा की अवधि में देखा जाएगा और कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सी ओ सदर, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बरहदा डॉ विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ राजकुमार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज पूरबगांव जटा शंकर यादव, डॉ मोहम्मद अनीस, डॉ राम भानु सिंह, डॉ आम्रपाली द्विवेदी, गरिमा श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, संतोष मिश्रा, राधेश्याम दुबे, विनीता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# अंजना पालीटेक्निक में छात्र-छात्राओं को बांटा गया टैबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अंजना पॉलीटेक्निक सकरौली मादूपुर में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया। टैबलेट मिलने के बाद छात्रों ने खुशी का इजहार किया। बीएन सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के निदेशक संजय सिंह,प्रधानाचार्य रंजन सिंह ने छात्र - छात्राओं को टैबलेट वितरित किया। निदेशक संजय सिंह ने कहा कि आधुनिक समय में विद्यार्थियों के लिए यह बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। डिजिटल युग में छात्र -छात्राओं के लिए यह वरदान है। सिविल,इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस के बच्चों को टैबलेट वितरित किया गया।जिसमें हर्षिता सिंह, हरीश सिंह,पीयूष मौर्य, मो. हमजा, सौरभ वर्मा, हर्ष श्रीवास्तव, सुधांशु सिंह, प्रियांशु यादव, अम्बिकेश पाण्डेय, अमन पाल,वैभव धुरिया, रमन त्रिपाठी आदि शामिल रहे। विनय सिंह,फौजदार सिंह,डॉ. रवि प्रताप सिंह,रवि शंकर मिश्र,धनन्जय सिंह,राम अचल मौर्य,राज बहादुर यादव, शुभम ओझा, संजय सिंह ,कमलेश कुमार, डीके,कलेक्टर कुमार ,केके तिवारी, बृजेश गुप्ता, अच्छे लाल वर्मा, दीपक उपाध्याय, विक्रम सिंह,अमित पटेल, अरुण पाल, सूरज भान आदि उपस्थित रहे।


अंजना पालीटेक्निक में टैबलेट के बीच छात्र-छात्राएं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर हरिप्रताप ने दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पूर्व विधायक व नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने मंगलवार को लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उनकी ऐतिहासिक विजय पर बधाई दी।

नये कार्यकाल में नगर के विकास में योगदान की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने हरिप्रताप से जिले के राजनैतिक गतिविधियों को भी जानकारी ली। बता दें कि मुख्यमंत्री नगर पालिका बेल्हा के कार्यों के बारे में बराबर जानकारी लेते रहे हैं। कुछ माह पहले नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह के साथ हरिप्रताप मुख्यमंत्री से मिले थे। आज दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरिप्रताप सिंह से कुछ देर तक जिले के राजनैतिक हलचल पर भी चर्चा किया।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलते पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह।

# भाजपा आईटी कार्यकताओं को किया गया सम्मानित, एक दूसरे को दी गई बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाबागंज स्थित भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को आईटी विभाग के कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। आईटी जिला संयोजक पंकज सिंह ने आईटी कार्यकताओं को गुलाल लगाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में आईटी के कार्यकताओं ने बूथ स्तर तक पार्टी के विस्तार के लिए चुनाव के पूर्व अनथक प्रयास किए, जिसका परिणाम यह रहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में 35 वर्षों के इतिहास में उलटफेर करते हुए पुनः भाजपा सरकार प्रदेश में बनने जा रही है। संगठन के रैली और बैठक को वर्चुअल तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक भारतीय जनता पार्टी केंद्र व प्रदेश की सरकार जिसने लगातार विगत वर्षों में लोगों के सामाजिक उत्थान में कार्य किए हैं, पहुंचाने का कार्य किया है, साथ ही विपक्षी दलों के भ्रामक प्रचार पर प्रहार और रोक लगाने का कार्य भाजपा आईटी सेल ने किया है। इस दौरान आईटी जिला सहसंयोजक सर्वेश सिंह विधानसभा संयोजक सूरज पांडे, विपिन गुप्ता, सुशील मिश्रा, कुलदीप सिंह, रोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।


भाजपा कार्यालय पर मौजूद भाजपा आईटी कार्यकर्तागण।

## दुर्घटना में अधेड़ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक द्वारा साइकिल सवार को टक्कर मार देने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। कोतवाली के नेताजीपुरम निवासी मंगला प्रसाद तिवारी 45 ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सोमवार की रात करीब सवा आठ बजे वह अपने पुस्तैनी गांव राजातारा अमांवा से साइकिल द्वारा लालगंज आ रहा था। खानापटटी के समीप एक विद्यालय के पास तीव्र गति से आ रही एक बाइक ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे जहां उसे गंभीर शारीरिक चोटें आयी हैं वहीं उसकी साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर केस दर्ज किया जाएगा।

## मनोरोगी वृद्धा ने की आत्महत्या, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मनोरोगी वृद्धा ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर परिजनों मे हडकंप मच गया। कोतवाली के हंडौर निवासी सीताराम दुबे के पुत्र दुर्गेश कुमार दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि मंगलवार को उसकी मां शर्मिला दुबे 55 घर पर अकेली थी। शर्मिला का मानसिक संतुलन ठीक नही था। परिजन उसका इलाज करा रहे थे। सुबह नौ बजे अचानक शर्मिला ने घर के अंदर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतका के पुत्र ने पुलिस को घटना के बाबत इत्तेफाकिया तहरीर दी है।

## न्यायालय ने अक्षय प्रताप को धोखाधड़ी में करार दिया दोषयुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमएलए-एमपी कोर्ट के न्यायाधीश बलराम ने सरकार बनाम अक्षय प्रताप के एक मुकदमे में दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व साक्ष्यों के आधार पर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल पर भादवि की धारा 419, 420 में दोषयुक्त करार करते हुए सजा के लिये अगली 22 मार्च तिथि तय की है। अक्षय प्रताप सिंह गोपाल आज न्यायालय में उपस्थित नहीं थे लेकिन उनके अधिवक्ता ने हाजिरी का प्रार्थना पत्र दिया, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अगली तारीख 22 मार्च की तिथि मुकर्रर कर दी है। राज्य की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता रमेश कुमार ने दी।

## पीबीपीजी कालेज में पकडे.गये नौ मुन्ना भाई, हुआ रस्टीकेशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज सिटी में मंगलवार की परीक्षा में प्रथम पाली में 7 छात्र एवं द्वितीय पाली में 2 छात्राओं को नकल सामाग्री का प्रयोग करते हुए पाए जाने पर रस्टीकेट कर दिया गया। महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कालेज के आंतरिक उड़ाका दल ने नौ परीक्षार्थियों को रस्टीकेट किया। प्रथम पाली में 7 छात्र थे, जिसमें बीए एलएलबी व एलएलबी के 2-2, एमएससी गणित और रसायन विज्ञान के 1-1 व बीपीएड के एक छात्र को नकल करते समय पकड़े जाने पर रस्टीकेट कर दिया गया। वहीं प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 672 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 306 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## खेत में घेराबंदी कर रहे किसान को आरोपियों ने लाठी-डंडे से पीटा, पुलिस को दी गई तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत की सुरक्षा के लिए खेत के चारों तरफ बाढ़ लगा रहे किसान को आरोपियों ने बाड़ लगाने से मना किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी बात बढ़ी तो एक पक्ष ने मिलकर किसान को जमकर मारा पीटा जिससे पिता और पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कंधई थाना क्षेत्र के खूझी कला गांव में मंगलवार की सुबह साढे.सात बजे के करीब सब्जी के खेत में सुरक्षा के लिए घेराबंदी कर रहे किसान को पड़ोसी दबंगों ने लाठी-डंडे से पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। गांव के कृष्णा नारायण यादव (64) वर्ष पुत्र राम अधार अपने बेटे अवधेश नारायण (27) वर्ष के साथ घर के सामने खेत में सब्जी की खेती किया है। जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों तरफ बांस और तार से घेराबंदी कर रहा था। पड़ोसियों ने घेराबंदी करने से मना करने लगे। इसी दौरान दोनों में कहासुनी हुई। आरोपियों की तरफ से लाठी डंडा लेकर लोग हमलावर हो गए जिसमें बाप बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## दबंग की हरकत से परेशान परिवार ने थाने में दिया तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गांव के एक दबंग व्यक्ति ने एक युवक को मारा पीटा। बाद में शिकायत पर थाने में सुलह समझौते के बाद फिर से आरोपी दबंग आते-जाते गाली देकर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर रहा है। पीड़ित परिवार ने मंगलवार को पट्टी कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दोनई गांव के रहने वाले विश्वजीत उनकी पत्नी और उनकी मां पट्टी कोतवाली थाने पहुंची उन लोगों ने बताया कि पिंडदान करते समय गांव के एक दबंग व्यक्ति द्वारा कुछ दिन पहले गाली गलौज और मारपीट हुई थी। शिकायत करने पर पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ शुरू किया तो किसी तरह दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया।

## पूर्व विधायक के भाई पर हमले में चार नामजद, छह अज्ञात पर रिपोर्ट

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज विधान सभा चुनाव की रंजिश में अब भाजपा व सपा में हिंसक झड़पें होने से प्रशासन के कान खडे.हो गये हैं। कल शाम रानीगंज क्षेत्र के बभनमई में एक चाय की दुकान पर बैठे पूर्व विधायक धीरज ओझा के भाई नीरज ओझा पर जानलेवा हमला किया गया था। इस सम्बन्ध में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद तथा छह अज्ञात के विरुद्ध भादवि की धारा 147, 148, 307 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है। बता दें कि कल शाम रानीगंज क्षेत्र के बभनमई में चाय की दुकान पर बैठे पूर्व विधायक धीरज ओझा के बडे. भाई नीरज ओझा पर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए लोगों ने गालियां देते हुए हमला कर दिया। नीरज ओझा का कहना है कि वह अपनी जान बचाते वहां से भागकर अपनी कार में पहुंच गये। हमलावर वहां पर भी भागते हुए पहुंचे और फायरिंग की। नीरज ओझा का कहना है कि हमलावर अपने को एक सपा नेता का आदमी कहते हुए आए थे और यह धमकी दे रहे थे कि अब हमारा आदमी विधायक बन गया है। अब तुम लोगों को हम देख लेंगे। पुलिस मामला राजनीतिक होने के कारण बहुत गंभीरता से छानबीन में लगी हुई है।

# जागरुकता का अभाव ही सबसे बड़ी शैक्षिक बाधा: रिजवान

## सुखपाल नगर बीआरसी पर नारी चौपाल व संगोष्ठी सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विकासखंड के सुखपाल नगर बीआरसी पर नारी चैपाल एवं संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी रिजवान खान ने कहा कि जागरूकता का अभाव ही सबसे बड़ी शैक्षिक बाधा है। हम जागरुक होकर बड़ी से बड़ी बाधाओं को भी छोटे-छोटे नियमित प्रयासों से दूर कर सकते हैं।

मास्टर ट्रेनर एवं कार्यक्रम का संचालन कर रहीं प्रधानाध्यापिका प्राची पांडे ने जीवन कौशल के संबंध में बोलते हुए कहा कि सतत प्रयास से महिलाएं स्वयं को सभी क्षेत्रों में बेहतर साबित कर रही हैं।


मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करतीं अतिथि।

सुखपाल नगर की सहायक अध्यापिका मीनाक्षी के निर्देशन में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। महिला सशक्तिकरण पर आधारित फिल्मों के प्रर्दशन के पश्चात सभी ने स्टॉल और आर्ट क्राफ्ट गैलरी का भ्रमण करते हुए परिचर्चा की। कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव देते हुए स्टाल एवं टी एल एम प्रदर्शनी की सराहना भी की। एसआरजी किरन गुप्ता ने शिक्षिकाओं को मीना मंच के बारे में आवश्यक जानकारी दी। अतिथियों एवं आगंतुक जनों का स्वागत प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने तथा आभार ज्ञापन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर प्रताप सिंह ने किया। चैपाल में सुशीला, प्रियंका, आकृति, सुषमा, पुष्पा, स्वाती, किरन, अर्चना, सुमन सिंह, दीपिका, रुखसाना, माला उमरवैश्य, शालिनी, ऊषा, रश्मि, हीरालाल मौर्या, शारदा विश्वकर्मा, अजय, प्रभुकर, नवीन, राजेश पाण्डेय, नीरज, सर्वेश, जितेंद्र, अवनीश आदि उपस्थित रहे।

## चौक से राजापाल टंकी तक हटाया गया अतिक्रमण

**प्रतापगढ़।** शहर की मुख्य सड़क चैक-कचहरी मार्ग आज मंगलवार को शहर कोतवाल व मकन्द्रूगंज चैकी के प्रभारी व पुलिस सड़क के किनारे अतिक्रमण हटाने में जुटे रहे। बता दें कि इस मुख्य मार्ग पर आये दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है जिसका संज्ञान पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने लिया था। उनके निर्देश पर सोमवार को मकन्द्रूगंज चैकी प्रभारी पुष्पराज सिंह ने चैक से एसबीआई तक ठेले वालों को भगाया था तथा आगे बढ़ी दुकानों को अंदर करने की हिदायत दी थी।

# परीक्षार्थियों की बाइक की डिग्गी तोड़कर मोबाइल व अभिलेख उड़ाए

## हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज की है घटना, छात्रों ने पुलिस को दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार की सुबह पुलिस की मौजूदगी में विद्यालय की पार्किंग में परीक्षार्थियों की खड़ी दर्जन भर बाइक की डिग्गी तोड़कर मोबाइल, चार्जर व जरूरी दस्तावेज अज्ञात चोर उठा ले गए। परीक्षा समाप्त होने पर जब छात्र लौटे तो सामान गायब देखकर सन्न रह गए। छात्रों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

स्थानीय कोतवली क्षेत्र के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में मंगलवार को सुबह छात्र एमएड व कृर्षि की परीक्षा देने आए थे। छात्रों ने सुबह नौ बजे विद्यालय की पार्किंग में बाइक खड़ी कर परीक्षा देने चले गए। परीक्षा समाप्त होने पर लगभग 12 बजे वापस लौटे तो देखा कि दर्जन भर बाइक की डिग्गी टूटी हुई थी। छात्रों ने डिग्गी में रखा मोबाइल, पर्स, चार्जर व जरूरी अभिलेख गायब देखकर आवाक रह गए। छात्रों के शोर-गुल की आवाज सुनकर बाजार के लोग भी इकट्ठा हो गए। मोहम्मद नसीम तिलोई अमेठी, अभिनव मिश्रा सोरांव, ऋषभ देव लालगंज, प्रमोद कुमार लालगंज, सुनील पटेल मानधाता, अंजुमन शाहीन मानधाता, जावेद खाँ मानधाता, राजेश कुमार डेरवा, अभय सलोन, रमन साहबगंज सलोन समेत लगभग दर्जन भर छात्रों ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उक्त घटना की जानकारी विद्यालय प्रशासन को दी, उसने छात्रों की बातो का अनसूना कर दिया। यही नहीं, पुलिस प्रशासन पार्किंग में सिपाही ऋषिराज यादव व पीआरडी जवान गोदे लाल की तैनाती की थी। इसके बावजूद छात्रों की बाइक की डिग्गी को तोड़कर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने छात्रों की तहरीर पर चोरी के खुलासे के प्रयास में जुट गई लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस के हाथ खाली ही नजर आए।

## महेशगंज पुलिस ने हीरागंज बाजार में चलाया सघन चेकिंग अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज पुलिस ने त्योहार को मद्देनजर रखते हुए मंगलवार को हीरागंज बाजार में सघन चेकिंग अभियान चलाया और बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना क्षेत्र के हीरागंज बाजार में बैंक आफ बड़ौदा और चैराहे में चेकिंग अभियान चलाया पुलिस ने बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता बनाने के उद्देश्य से पुलिस टीम ने बैंक में आने वालों से पूछताछ किया और साथ ही सीसीटीवी कैमरों व सुरक्षा से जुड़े अन्य उपकरणों की जांच किया और बैंक कर्मचारियों को निर्देश दिया कि संदिग्धों पर कड़ी नजर रखे यदि कोई मिलता है तो तत्काल सूचना दें। महेशगंज थाना प्रभारी अवन कुमार दीक्षित अपने दल बल के साथ बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों व आपातकालीन अलार्म की जांच के साथ जमा व निकासी काउंटर पर पहुंचकर ग्राहकों से पूछताछ भी किया और कर्मचारियों से भी आवश्यक जानकारी ली और ब्यापारियों व ग्रामीणों से त्योहार पर शांति बनाए रखने की अपील की।

# विषाक्त भोजन करने से आधा दर्जन से अधिक लोग बीमार

## सीएचसी में इलाज कराने के बाद हुए सामान्य

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आए लोग विषाक्त भोजन खाने से बीमार हो गए। उल्टी दस्त शुरू होने पर सभी लोगो ने अपना इलाज कराना शुरू किया। रात में तबियत खराब होने पर कई बीमार लोगों ने प्राइवेट अस्पताल का सहारा लिया।

कंधई थाना क्षेत्र के बिबिया करनपुर गांव निवासी रामकेवल तिवारी की मां का श्राद्ध था जिसमें गांव के लोग निमंत्रण में शामिल थे। रात आठ बजे भोजन करने के बाद आधा दर्जन से अधिक लोग बीमार पड़ गए।

रात 11 बजे से लेकर एक बजे के बीच विषाक्त भोजन करने वाले लोगों को उल्टी दस्त और डायरिया की शिकायत हो गई। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर गए।

विषाक्त भोजन करने से बीमार होने वाले तूफान सिंह (24) वर्ष पुत्र सभाजीत, अभय शुक्ला (18) वर्ष पुत्र विकास शुक्ला, सुमित तिवारी (13) साल पुत्र अच्छेलाल तिवारी, डुग्गू (6) वर्ष पुत्र पंडित तिवारी, आदित्य शुक्ला (12) वर्ष पुत्र राजकुमार, अंशुमान शुक्ला (16) वर्ष पुत्र राजकुमार, एकलव्य शुक्ला (13) वर्ष पुत्र दीनदयाल विषाक्त भोजन करने से बीमार पड़ गए। बीमार सभी लोगों को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम में भर्ती कराया गया, जहां बीमार लोगों की स्थिति सामान्य बनी है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो दर्जन से अधिक लोग प्राइवेट चिकित्सक के यहां रात से ही इलाज करा रहे हैं और आधा दर्जन से अधिक लोगो को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा गया।

## संपादकीय

# सख्ती का प्रतीक बना 'बाबा का बुलडोजर'

**उत्तर** प्रदेश के चुनाव परिणाम में बुलडोजर का कितना असर रहा यह तो चुनाव विश्लेषकों के लिए चिंतन का विषय हो सकता है पर इसमें दो राय नहीं कि यूपी के चुनाव अभियान से लेकर चुनाव परिणाम और उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के विजय जश्न में बुलडोजर जम कर चला। बुलडोजर सरकार को बनाए रखने का प्रतीक बन गया। दरअसल बुलडोजर का उपयोग निर्माण कार्य को आसान बनाने के लिए है पर अवैध निमार्णों को रोकने के लिए जिस तरह से बुलडोजर का उपयोग किया जाता रहा है वह भी कम चर्चा में नहीं रहा है। देखा जाए तो बुलडोजर व्यवस्था का प्रतीक बन चुका है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती का प्रयोग ही बुलडोजर के मायने माने जाने लगे है। यही कोई एक दशक पहले की बात होगी जब मुंबई के तत्कालीन अधिकारी जीआर खैरनार समूचे देश में लोगों की जुबान पर चढ़ गए थे। बुलडोजर ही इसका कारण था। जिस तरह से खैरनार ने मुंबई में अवैध इमारतों और अतिक्रमणों को ध्वस्त किया, वह ना केवल चर्चा का विषय बना अपितु बुलडोजर के उपयोग का ही परिणाम रहा कि सारी दुनिया में जीआर खैरनार को ईमानदारी, किसी भी दबाव में नहीं आने और व्यवस्था में सुधार का प्रतीक बना दिया था। उत्तर प्रदेश में भी कब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी बाबा से बुलडोजर बाबा बन गए यह सबके सामने है। पक्ष हो या विपक्ष दोनों ने ही यूपी चुनाव अभियान के दौरान योगी आदित्यनाथ के लिए बुलडोजर बाबा का प्रतीक जमकर प्रयोग किया। समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जब योगी आदित्यनाथ के लिए बुलडोजर बाबा शब्द का प्रयोग करने लगे तब शायद उन्होंने यह सोचा भी नहीं होगा कि बुलडोजर बाबा कहना चुनाव में गेमचेंजर बन जाएगा। उन्होंने तो इसके माध्यम से योगी की नकारात्मक छवि बनाने के प्रयास किए थे पर दरअसल जहां अखिलेश आदि ने बुलडोजर को विनाश व भय का प्रतीक बताया, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर को विकास का प्रतीक बताकर खूब भुनाया। कहना नहीं होगा कि बुलडोजर नकारात्मक और सकारात्मक दोनों तरह की चुनाव कैंपेनिंग का माध्यम बन गया। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनते ही जिस तरह अवैध अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया त्यों-त्यों बुलडोजर विकास और भय दोनों का प्रतीक बनता गया। देखा जाए तो बुलडोजर प्रशासन की सख्ती और स्वच्छ प्रशासन के रूप में जाना जाता रहा है। 1923 में पेन्सिलवेनिया के दो किसानों ने खेती किसानी को आसान बनाने के लिए एक डिजाइन तैयार किया और वह लगभग बुलडोजर के विकास का माध्यम बना। हालांकि 1870 में बुलडोजर का प्रयोग ताकत के रूप में इस्तेमाल किया जाता था पर समय के साथ जिस तरह विकास यात्रा चली, बुलडोजर निर्माण कार्यों की अहम मशीनरी बनकर सामने आया। खुदाई-भराई, तोड़-फोड आदि का काम बुलडोजर से आसान हो गया। इससे निर्माण कार्य आसान हो गए। कई दिनों और कई श्रमिकों से होने वाले काम आसानी से कुछ घंटों में होने लगे। बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स में बुलडोजर की अहम आवश्यकता होने लगी। यूपी चुनाव से इतर भी देखा जाए तो बुलडोजर का प्रयोग दुनिया के देशों में होता रहा है।

# अध्यात्म का अनूठा संगम पर्व है होली

**ललित गर्ग**

> ध्रूपद, धमार, छोटे व बड़े ख्याल और ठुमरी में भी होली के गीतों का सौंदर्य देखते ही बनता है। कथक नृत्य के साथ होली, धमार और ठुमरी पर प्रस्तुत की जाने वाली अनेक सुंदर बंदिशें आज भी अत्यंत लोकप्रिय हैं- चलो गुंइयाँ आज खेलें होरी कन्हैया घर। इसी प्रकार संगीत के एक और अंग ध्रूपद में भी होली के सुंदर वर्णन मिलते हैं। साहित्य में भी होली के विविध समृद्ध रंग देखने को मिलते हैं। सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया, अमीर खुसरो और बहादुर शाह जफर जैसे मुस्लिम कवियों ने भी होली पर सुंदर रचनाएँ लिखी हैं जो आज भी जन सामान्य में लोकप्रिय हैं। आधुनिक हिंदी कहानियों में प्रेमचंद की राजा हरदोल, प्रभु जोशी की अलग अलग तीलियाँ, तेजेंद्र शर्मा की एक बार फिर होली, ओम प्रकाश अवस्थी की होली मंगलमय हो तथा स्वदेश राणा की हो ली में होली के अलग अलग रूप-रंग, आयाम एवं दृष्टिकोण देखने को मिलते हैं

**भक्त** एवं भगवान का एक रंग हो जाना ही चरम परिणति है और इसी अंतस और अध्यात्म का अनूठा संगम पर्व है होली। होली प्रेम, आपसी सद्भाव और मस्ती के रंगों में सराबोर हो जाने का अनूठा त्यौहार है। कोरोना महामारी के कारण इस त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में बदलाव आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसको मनाते हुए हम समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे की भावना है मानवीय रिश्तों की गरिमा को समृद्धि प्रदान करना, जीवनमूल्यों की पहचान को नया आयाम प्रदत्त करना। होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। होली का धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए। हम कितने भोले हैं कि अपनी संस्कृति एवं आदर्श परम्पराओं को हमीं मिटा रहे हैं। स्वयं अपना घर जला कर स्वयं तमाशा बन रहे हैं। आखिर हमीं तो वे लोग हैं जिन्होंने देश की पवित्र जमीं के नीचे हिंसा, अन्याय, शोषण, आतंक, असुरक्षा, अपहरण, भ्रष्टाचार, अराजकता, अत्याचार जैसे घिनौने तत्वों की गहरी और लम्बी सुरंगें बिछाकर उन पर अपने स्वार्थों का बारूद फैला दिया, बिना कोई परिणाम सोचे, बिना भविष्य की संभावनाओं को देखे। फिर भला कैसे सुरक्षित रह पाएगा आम आदमी का आदर्श। आम आदमी का जीवन। इन अंधेरों एवं जटिल हालातों के बीच होली जैसे त्योहार हमारी रोशनी की इंतजार एवं उजालों की कामना को पूरा करने के लिये हमें तत्पर करते हैं। प्रश्न है कि



प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके, आपसी रिश्तों में प्रेम एवं ऊर्जा का संचार करें। कहते हैं प्यार और नफरत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्यार पूरी तरह सकारात्मकता और ऊर्जा से भरा भाव है, इसके उलटे नफरत नकारात्मकता और गुस्से से भरा। ऐसा क्यों होता है कि जिससे एक वक्त में हम प्यार करते हैं, उससे ही कुछ समय बाद नफरत करने लगते हैं? प्यार वाला रिश्ता हमारा कइयों के साथ होता है, इन रिश्तों को होली का पर्व नये आयाम एवं नये रंग देता है। जिनसे हम प्यार करते हैं, हमेशा उनकी खुशी चाहते हैं, उनके लिए मन में कोई दुर्भावना या खीझ नहीं होती। उनका हमारी जिंदगी में होना ही हमारे लिए काफी होता है। अमेरिकी लेखक और चिंतक डेनियल कार्डवेल कहते हैं, हम हमेशा दिल से प्यार करते हैं। इसके उलट नफरत की भावना दिमाग से उपजती है। होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करता है। होली-पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में अनुपम-अद्भुत है ब्रज की होली। ब्रज की होली विशिष्ट है, विलक्षण है। देश के अन्य भागों में होली होती है एक-दो दिन की किंतु ब्रज में होली होती है 50 दिनों की। ब्रज में बसंत पंचमी के दिन सामूहिक होली जलने वाले स्थानों पर होली का दांड़ा रोप दिया जाता है और वहां लकड़ी, कन्डे आदि एकत्रित होने लगते है।

बसंत पंचमी से ही मंदिरों में भगवान के श्रृंगार में अबीर-गुलाल का प्रयोग होने लगता है और धमार के स्वर गूंजने लगते हैं। गांव की चौपालों पर ढोलक खनकने लगती है, झांझ-मंजीरे झंकृत हो उठते है और गूंज उठते है होली के रसिया। भारतीय शास्त्रीय संगीत तथा लोक संगीत की परंपरा में होली का विशेष महत्व है। हिंदी फिल्मों के गीत भी होली के रंग से अछूते नहीं रहे हैं। होली के सतरंगी रंगों के साथ सात सुरों का अनोखा संगम देखने को मिलता है! रंगों से खेलते समय मन में खुशी, प्यार और उमंग छा जाते हैं और अपने आप तन मन नृत्य करने को मचल उठता है। लय और ताल के साथ पैर को रोकना मुश्किल हो जाता है। रंग अपना असर बताते हैं, सुर और ताल अपनी धुन में सब को डुबोये चले जाते हैं! शास्त्रीय संगीत में धमार का होली से गहरा संबंध है।

ध्रूपद, धमार, छोटे व बड़े ख्याल और ठुमरी में भी होली के गीतों का सौंदर्य देखते ही बनता है। कथक नृत्य के साथ होली, धमार और ठुमरी पर प्रस्तुत की जाने वाली अनेक सुंदर बंदिशें आज भी अत्यंत लोकप्रिय हैं- चलो गुंइयाँ आज खेलें होरी कन्हैया घर। इसी प्रकार संगीत के एक और अंग ध्रूपद में भी होली के सुंदर वर्णन मिलते हैं।

साहित्य में भी होली के विविध समृद्ध रंग देखने को मिलते हैं। सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया, अमीर खुसरो और बहादुर शाह जफर जैसे मुस्लिम कवियों ने भी होली पर सुंदर रचनाएँ लिखी हैं जो आज भी जन सामान्य में लोकप्रिय हैं। आधुनिक हिंदी कहानियों में प्रेमचंद की राजा हरदोल, प्रभु जोशी की अलग अलग तीलियाँ, तेजेंद्र शर्मा की एक बार फिर होली, ओम प्रकाश अवस्थी की होली मंगलमय हो तथा स्वदेश राणा की हो ली में होली के अलग अलग रूप-रंग, आयाम एवं दृष्टिकोण देखने को मिलते हैं।
होली के त्यौहार में विभिन्न प्रकार की क्रीड़ाएँ होती हैं, बालक गाँव के बाहर से लकड़ी तथा कंडे लाकर ढेर लगाते हैं। होलिका का पूर्ण सामग्री सहित विधिवत पूजन किया जाता है, अट्टहास, किलकारियों तथा मंत्रोच्चारण से पापात्मा राक्षसों का नाश हो जाता है। होलिका-दहन से सारे अनिष्ट दूर हो जाते हैं। होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, इस त्योहार को मनाते हुए यूं लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। क्योंकि इस अवसर पर रंग, गुलाल डालकर अपने इष्ट मित्रों, प्रियजनों को रंगीन माहौल से सराबोर करने की परम्परा है, जो वर्षों से चली आ रही है।

एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है। हिरण्यकशिपु की बहिन होलिका को अग्नि में न जलने का वरदान प्राप्त था। अतः वह अपने भतीजे प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश कर गई। किंतु प्रभु-कृपा से प्रह्लाद सकुशल जीवित निकल आया और होलिका जलकर भस्म हो गई। इसलिये होली का त्योहार असत्य पर सत्य की विजय और दुराचार पर सदाचार की विजय का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है।

# अमेरिका की षड्यंत्रवादी नीतियों से विश्व परेशान

**संजीव ठाकुर**

रूस, यूक्रेन युद्ध तात्कालिक कारणों से नहीं हो रहा है, इसके पीछे अमेरिका की षड्यंत्र वादी नीतियों की कई साजिशें अंतर्निहित हैं' अमेरिका सदैव रूस को वैश्विक जन मंच पर नीचा दिखाना चाहता रहा है। जिस तरह पूर्व में सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक रूस( यू,एस.एस.आर) के उसने कई टुकड़े करवाएं थे, उसी मंसूबों को लेकर आगे बढ़ते हुए उसने लगभग 26 स्थानों पर जैविक बम बनाने के केंद्र अलग-अलग देशों में स्थापित कर रखे हैं, ताकि जब भी मौका लगे अमेरिका उस देश से दुश्मन देशों पर जैविक हथियारों से हमला कर उनकी स्थिति कमजोर कर अपनी नीतियों का गुलाम बना सके ' यूक्रेन में भी तीन महत्वपूर्ण स्थानों में अमेरिका जैविक हथियार बनाने के केंद्र चला रहा था। निश्चित तौर पर रुस को इसकी जानकारी लग चुकी थी' इन जैविक हथियारों का प्रयोग यूक्रेन में रखने का अमेरिकी मकसद सिर्फ और सिर्फ यही था कि इन हथियारों का प्रयोग या तो वह बेलारूस अथवा रूस पर करना चाह था' रूस अमेरिका के इस षड्यंत्र को अच्छे से समझ चुका था। दूसरी तरफ यूक्रेन को अमेरिका तथा यूरोपीय संगठन और नैटो की दोस्ती पर अंधा भरोसा था। वह रूस की चेतावनी को लगातार अनसुनी कर नैटो देशों सदस्य बनने का मैराथन प्रयास कर रहा था' रूस को यूक्रेन तथा यूक्रेन में रहने वाले पूर्व रूसी नागरिकों की यह हरकत नागवार गुजरी' रूस पिछले कई वर्षों से यूक्रेन को यूरोपीय देशों तथा नेताओं से संपर्क न रखने के लिए तथा अमेरिकी नियंत्रण को यूक्रेन से हटाने के लिए यूक्रेन के हुक्मरानों को चेतावनी देता रहा है। पर व्लादीमीर जेलेंस्की के राष्ट्रपति बनने के बाद यूक्रेन की रूस विरोधी हरकतें तथा प्रतिक्रिया तेज होकर अमेरिकी समर्थन में ज्यादा होने लगी' अमेरिका रूस पर दबाव डालने के लिए यूक्रेन को अपना सामरिक अड्डा बनाने के षड्यंत्र के तहत यूक्रेन की लगातार आर्थिक सामरिक मदद कर रहा था। जाहिर तौर पर रूस अमेरिका की हरकत को पिछले कई वर्षों से पैनी नजर रख यह अनुभव कर रहा था कि अमेरिका के रूस के प्रति इरादे ठीक नहीं हैं। रूस ने पिछले कई वर्षों से यूक्रेन को संभलने तथा अमेरिका से अलग होने की समझाइश भी दी थी। जेलेंस्की ने रूस में रूसी भाषा पर प्रतिबंध लगाकर रूस को और क्रोधित कर अपना घोर विरोधी बना लिया था। जिसकी परिणति आज यूक्रेन बहुत बुरी तरह से भुगत रहा है' रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने राष्ट्र के विभाजन का दर्दनाक स्वरूप देखा था ।वह अब रूस को फिर से उसी रूप में संयुक्त करना चाहता है ।रूस ने सदैव यूक्रेन को नाटो देशों का सदस्य न बनने देने पर अपने वीटो पावर का इस्तेमाल किया। दूसरी वजह यह भी थी कि यूक्रेन से होकर जर्मनी तक रूस की गैस तथा तेल की पाइप लाइन बनाकर वह यूरोपीय देशों को कच्चा तेल तथा गैस सप्लाई बड़े आर्थिक आधार पर कर रहा था' तीसरी वजह रूस यूक्रेन युद्ध की यह रही कि रूस ने सदैव यूक्रेन को चेतावनी दी थी कि अमेरिका को यूक्रेन में सामरिक महत्व का अड्डा ना बनाने दिया जाए जाहिर तौर पर यूक्रेन के सारे प्रशासन पर अमेरिका के इशारे पर गतिविधियां निर्धारित की जाती रही हैं। इससे रूस को अपने अस्तित्व पर खतरा नजर आने लगा' इसके अलावा बाहुबली रूस यूक्रेन को सबक सिखाने के साथ यूरोपीय देशों तथा अमेरिका को भी सबक सिखाना चाहता है' 20 दिनों के यूक्रेन से युद्ध में रूस ने अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा एवं अन्य यूरोपीय देशों को यह बहुत बेहतर तरीके से समझा दिया है कि रूस अभी भी सुपर पावर है एवं आर्थिक प्रतिबंधों से उस पर कोई तात्कालिक प्रभाव नहीं पड़ने वाला है' पर यह तो निश्चित हो गया की यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की सारी भ्रांतियां, भ्रम एवं मुगालता इस युद्ध की विभीषिका और बड़े आर्थिक नुकसान से दूर हो गया कि मौका पड़ने पर रूस और नैटो देश के साथ अन्य यूरोपीय देश उसको खुल कर सैन्य मदद करेंगे पर ऐसा कुछ हुआ नहीं। ये सारे देश यूक्रेन को युद्ध लड़ते देख सिर्फ बाहर खड़े होकर तमाशाबिन बने रहे,और सिर्फ उकसाने का काम ही करते रहे, किसी ने भी इस युद्ध में यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रूस के विरुद्ध मैदान में युद्ध करने की हिम्मत नहीं दिखाई। ये तो यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की और वहां की आम जनता का साहस, आत्मविश्वास एवं लड़ने की अदम्य इच्छा शक्ति के कारण ही रूस की सेना के विरुद्ध 20 दिनों से लड़ाई लड़कर टिके हुए हैं' अब समझौते के लिए रूस ने कड़ी 4 प्रतिबंधात्मक शर्तें रख दी हैं जिससे यूक्रेन पूरी तरह अमेरिका, नेटो देश तथा यूरोपीय देशों से अलग-थलग पड़ कर रूस की इच्छाओं के अनुरूप भविष्य तय करेगा' यूक्रेन सिर्फ अमेरिकी विस्तार वादी षड्यंत्र तथा उसके द्वारा रूस के विरुद्ध की गई अन्य साजिशों का खामियाजा भुगत रहा है और जान-माल तथा बड़े आर्थिक नुकसान को झेल रहा है।

## अभिव्यक्ति

# हमारी संस्कृति के उत्कर्ष की कहानी...

**चेतनादित्य आलोक**

**वैसे** तो मध्यकाल की चर्चा करते हुए मन-मस्तिष्क दुःख, क्रोध, निराशा, आक्रोश, भय एवं उदासी से भर जाता है, क्योंकि भारत के इतिहास के इस कालखंड की पहचान क्रूरता, कायरता, नासमझीपने, असंतोष, घृणा, हिंसा, अत्याचार, व्यभिचार, दकियानूसी एवं वहशीपने से भरपूर काल के रूप में रही है। हालांकि मानव समुदाय को पीड़ा, प्रकोप, प्रताड़ना, अहंकार, घृणा, भय, दुःख, निराशा, हताशा एवं उदासी से मुक्ति दिलाने तथा एक सशक्त, सुष्ठु एवं समृद्ध समाज के निर्माण हेतु मध्यकाल जैसे दुर्धट-काल में भी भक्ति आन्दोलन के माध्यम से भारत की भूमि ने एक-से-बढ़कर एक रत्न पैदा किये। भारत का यह भक्ति आन्दोलन एक स्वर्णिम उपलब्धि है... हमारी संस्कृति के उत्कर्ष की कहानी... और वैश्विक मानव समुदाय को पीड़ा, प्रकोप, प्रताड़ना, अहंकार, घृणा, भय, दुःख, निराशा, हताशा एवं उदासी से मुक्ति की राह पर ले चलने वाली तथा एक सशक्त, सुष्ठु एवं समृद्ध समाज के निर्माण की सफल एवं परीक्षित युक्ति है। श्रीकृष्ण भक्ति-परंपरा के महान संत श्री चैतन्य महाप्रभु इनमें एक प्रमुख नाम हैं, जिनका जन्म 15वीं शताब्दी में फाल्गुन पूर्णिमा के दिन पिता श्री जगन्नाथ मिश्र एवं माता शची देवी की संतान के रूप में पश्चिम बंगाल के मायापुर (उस समय का नवद्वीप) नामक गांव में हुआ था। नीम के वृक्ष के नीचे जन्म होने के कारण माता-पिता ने उनका नाम निमाई रखा। हालांकि गौर वर्णी होने के कारण वे गौरांग, गौर हरि एवं गौर सुंदर भी कहलाये। निमाई जब महज 16 वर्ष के थे तब उनके माता-पिता ने उनका विवाह लक्ष्मी देवी नामक स्त्री से करा दिया, लेकिन सर्पदंश के कारण लक्ष्मी देवी का शीघ्र ही देहान्त हो गया। बाद में माता-पिता ने उनकी दूसरी शादी भी करायी, लेकिन कहते हैं कि घर-गृहस्थी में मन नहीं लगने के कारण मात्र 24 वर्ष की अवस्था में ही उन्होंने घर-वार छोड़ दिया। कालान्तर में वैष्णव संत केशव भारती से सन्यास ग्रहण करने के बाद वे श्री चैतन्य महाप्रभु कहलाये। बाद में श्री महाप्रभु ने पदयात्रा करते हुए देश के कोने-कोने में पहुंचकर श्री हरिनाम की महत्ता को उजागर करने का कार्य किया। उन्होंने श्री हरिनाम संकीर्तन की पावन रसधार बहाकर क्षुधित एवं पीड़ित-प्रताड़ित मानवता की पीड़ा हरने का कार्य किया। वास्तव में श्री चैतन्य महाप्रभु एक देवदूत की भांति भारत की भूमि पर प्रकट होकर मध्यकाल की अत्यंत दुष्कर एवं विपरीत परिस्थितियों के बीच भी शोषित, पीड़ित, प्रताड़ित मानव-समुदाय को खुशहाली एवं प्रेमपूर्ण जीवन जीने की राह दिखायी। श्री चैतन्य महाप्रभु श्रीकृष्ण के प्रेमावतार माने जाते हैं। कदाचित यही कारण है कि जीवन के अंतिम छह वर्ष उन्होंने श्रीराधा-भाव में व्यतीत किया।

२उस दौरान उनके अंतःकरण में भक्ति के महाभाव के प्रायः सभी लक्षण प्रकट रूप में देखे जा सकते थे। यही कारण है कि श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त श्री चैतन्य महाप्रभु के संपर्क में जो भी आया, वह श्रीकृष्ण की भक्ति एवं अनुकम्पा से ओत-प्रोत हुए बिना नहीं रह सका। यहां तक कि उनकी अनुपमेय भक्ति एवं परमात्म-कृपा के कारण उनसे ईर्ष्या करने वाले भी अंततः उनका शिष्यत्व स्वीकार कर श्रीकृष्ण भक्ति में लीन हो जाते थे। उनके समकालीन अद्वैत वेदान्ती वासुदेव सार्वभौम एवं प्रकाशानंद सरस्वती भी उनका सान्निध्य पाकर श्रीकृष्ण प्रेमी बन गये। कहते हैं कि सभी प्राणियों से स्नेह का भाव रखने वाले श्री चैतन्य महाप्रभु ने विलुप्त हो चुके द्वापर युगीन श्रीकृष्ण के धाम वृन्दावन को पुनः संजीवित करने का कार्य किया था। श्री महाप्रभु के जीवन से जुड़ी अनेक कहानियां एवं घटनाएं उनकी जन्मजात तेजोमयता एवं अलौकिकता को सिद्ध करने में सक्षम हैं। ऐसी ही एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार बालक निमाई के घर एक ब्राह्मण अतिथि आये, जिन्हें भोजन परोसा गया। भोजन करने से पूर्व जब अतिथि ने अपने आराध्य का स्मरण किया तो बालक निमाई ने झट थाली से एक निवाला उठाकर खा लिया। उस कृत्य से बालक निमाई के माता-पिता क्रोधित हुए, लेकिन परिजनों द्वारा दोबारा भोजन परोसे जाने के बाद ज्योंहि अतिथि ने पुनः आराध्य का स्मरण किया, बालक निमाई ने फिर अतिथि की थाली से एक निवाला उठाकर खा लिया। बालक निमाई ने अपने उस कृत्य से जब सभी को बहुत परेशान होते हुए देखा तब उन्होंने सबको अपने गोपाल स्वरूप का दर्शन करा दिया। फिर तो सभी आत्म-विभोर हो उठे। उक्त घटना के बाद सबको यह समझ में आ गया कि निमाई कोई साधारण बालक नहीं, बल्कि साक्षात श्रीकृष्ण के ही अवतार हैं। श्री महाप्रभु के जीवन से जुड़ी ऐसी ही एक अन्य घटना का उल्लेख करना यहां पर उपयोगी प्रतीत होता है। कथा के अनुसार एक बार श्री जगन्नाथ मंदिर में श्री हरिनाम-संकीर्तन करते हुए वे मूर्च्छित हो गये। उनके शिष्यों ने ज्योंहि देखा कि गुरु मूर्च्छित हो गये हैं, वे मानो सिर पर पांव रख कर दौड़ पड़े। उन्होंने अपने गुरु को उठाने का प्रयास किया... हृदय स्थल पर छूकर देखा, परन्तु जब हृदय की धड़कनें नहीं सुनायी दीं... और श्वांस बंद मालूम पड़ीं, तब वे घबरा गये। अधिकतर शिष्यों को शंका हुई कि उनके गुरु कदाचित उन्हें छोड़कर महासमाधि में लीन हो गये हैं, क्योंकि वास्तव में श्री महाप्रभु के शरीर में वे सारे लक्षण दिखायी पड़ रहे थे जो प्राण त्यागने के पश्चात व्यक्ति में दिखायी पड़ने लगते हैं, लेकिन तभी एक शिष्य के मन में गुरु की वास्तविक स्थिति को जानने हेतु कुछ और परीक्षण करने का विचार आया। उसने श्री महाप्रभु के मुंह को खोल कर भीतर देखा तो उसे निराशा हाथ लगी।

# टीकाकरण हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को करते हैं मजबूत

**सत्यवान**

टीका एक ऐसी जैविक तैयारी है जो किसी विशेष बीमारी के प्रति प्रतिरोधक क्षमता में सुधार करती है। एक टीके में आमतौर पर एक एजेंट होता है जो रोग पैदा करने वाले सूक्ष्मजीव जैसा दिखता है, और अक्सर सूक्ष्म जीव के कमजोर या मारे गए रूपों, इसके विषाक्त पदार्थों या इसकी सतह प्रोटीन में से एक से बना होता है। टीके प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की तरह हैं। वे रोग के लक्षणों को उजागर किए बिना शरीर को रोग से लड़ने के लिए तैयार करते हैं। टीकाकरण हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को नई बीमारियों को पहचानने का तरीका सिखाने का काम करता है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं से बनी होती है। ये कोशिकाएं आक्रमणकारियों से हमारी रक्षा करती हैं और हानिकारक रोगजनकों को हटाती हैं। टिके एंटीबॉडी का उत्पादन करते हैं। टिके रोगजनकों के प्रतिजनों के खिलाफ एंटीबॉडी बनाने के लिए हमारे शरीर को उत्तेजित करते हैं। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमण पैदा करने वाले प्रतिजनों को याद रखना भी सिखाता है, जिससे भविष्य में उसी बीमारी के लिए तेजी से प्रतिक्रिया होती है। टीके किसी व्यक्ति को बीमारी से लड़ने में तैयार करने का काम करते हैं। जबकि शरीर टीके के प्रति प्रतिक्रिया करता है, यह एक अनुकूली प्रतिरक्षा प्रणाली बनाता है, जो शरीर को भविष्य में वास्तविक संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। बीमारी के खतरे के बीत जाने के बाद, कई एंटीबॉडी टूट जाते हैं, लेकिन प्रतिरक्षा कोशिकाएं जिन्हें मेमोरी सेल कहा जाता है, शरीर में बनी रहती हैं। जब शरीर फिर से उस प्रतिजन का सामना करता है, तो स्मृति कोशिकाएं तेजी से एंटीबॉडी का उत्पादन करती हैं और हानिकारक सूक्ष्म जीवों को मार देती हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, टीकाकरण हर साल दो से तीन मिलियन मौतों को रोकता है, यह आंकड़ा और 1.5 मिलियन तक बढ़ जाएगा यदि टीका कवरेज में आशातीत सुधार होता है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारी और टीका-रोकथाम योग्य बीमारियों की जटिलताओं से बचाता है। 2017 में 2010 और 2014 के बीच फ्लू के मौसम को देखने वाले एक अध्ययन में पाया गया कि टीकाकरण से स्वस्थ बच्चों में फ्लू से होने वाली मौतों में 65% की कमी आई है। टिका हमें अस्पताल में भर्ती होने से भी रोक सकता है, बीमारी की गंभीरता को कम कर सकता है और बच्चों में गंभीर, जानलेवा जटिलताओं को रोक सकता है। प्रभावी टीके न केवल प्रतिरक्षित की रक्षा करते हैं, बल्कि झुंड संरक्षण के माध्यम से समुदाय में गैर-प्रतिरक्षित व्यक्तियों के बीच बीमारी को भी कम कर सकते हैं। झुंड संरक्षण के कारण, कुछ बीमारियों को 100% टीकाकरण कवरेज के बिना समाप्त किया जा सकता है। एंटीबायोटिक दवाओं की आवश्यकता को कम करके, टीके उनके बढ़ते प्रसार को कम कर सकते हैं जिससे एंटीबायोटिक प्रतिरोध को रोका जा सकता है। टीके बीमारियों से रक्षा करके जीवन प्रत्याशा को बढ़ा सकते हैं। खराब स्वास्थ्य को आर्थिक विकास को अवरुद्ध करता है जबकि अच्छा स्वास्थ्य सामाजिक विकास और आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकता है। विकासशील देशों के आर्थिक विकास के लिए स्वास्थ्य मौलिक है और टीकाकरण उनके सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आधार है। भारत में अशिक्षा और धार्मिक मान्यताओं के कारण परिवारों में टीकाकरण की आवश्यकता के प्रति सामाजिक जागरूकता का अभाव है। मजबूत स्वास्थ्य वितरण तंत्र और अंतिम मील वितरण की कमी है।

# कश्मीर फाइल के बहाने...

**डॉ. सुरेश**

**हमारे** एक लेखक मित्र हैं। कश्मीर फाइल देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहने लगे- उन लोगों के साथ बहुत बुरा हुआ। आज के जमाने में सच को सच दिखाना भी इक्कीस तोपों की सलामी वाले कारनामे से कम नहीं है। बहुत दिनों बाद किसी फिल्म को देखते समय दस्ती की जरूरत पड़ी। वरना हम तो वो हैं जो इसका इस्तेमाल सिर्फ शर्म से बहती नाक और प्रदूषण के दुर्गंध से बचने के लिए करते हैं।

मैंने उत्सुकता के साथ पूछा-इसका मतलब फिल्म देखने लायक है। मेरा इतना पूछना भर था कि उन्होंने तुरंत पलटकर जवाब दिया मैंने कब कहा कि फिल्म देखने लायक है? यदि सच्चाई दिखाने से फिल्में पैसा बटोर लेती तो कल्पना और झूठ के बल पर करोड़ों का व्यापार करने वाली फिल्में देखने कुत्ता भी नहीं जाता। भैया यह भी कोई फिल्म है? शुरू से लेकर आखिरी तक रोना ही रोना। इसमें रोने के अलावा कुछ है ही नहीं। और जब रोना ही है तो इसी फिल्म को देखने की क्या जरूरत? क्या दुनिया में दुखों की कमी है? एक ढूँढ़ों हजार मिल जायेंगे। अरे मैं तो कहता हूँ धरती पर जितना ऑक्सीजन नहीं है उससे ज्यादा तो दुख है। इस फिल्म में मनोरंजन के मसाले की कमी है। बिना मसाले की सब्जी और फिल्म दोनों फीकी होती है। मैं कुछ पूछता उससे पहले ही वे मुझे भांप गए। कहने लगे मसाले का मतलब समझते भी हो। इस फिल्म में न ढंग के गाने हैं, न रोमांस। अरे फिल्में तो ऐसी होनी चाहिए जिसमें थोड़ी फैंतसी हो। पप्पी-झप्पी हो। रोमांस हो। सच्चाई दिखाओ लेकिन इन सारे मसालों को मिलाकर दिखाओ। तब देखना फिल्म कितना रुपया बटोरती है। मैंने उनकी बात को काटते हुए कहा- सच्चाई को दिखाने वाली फिल्में जब फैंटसी पर उतर आती हैं तब सच फैंटसी के पीछे छिप जाता है।

## सचिन तेंदुलकर ने टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने पर दी बधाई

**मुंबई।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करने पर टीम इंडिया की तारीफ की। भारत ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका को 238 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। सचिन ने टीम इंडिया को जीत की बधाई देते हुए ट्वीट किया, टीम इंडिया की गुलाबी, सफेद और लाल गेंद की फॉर्म इस सीजन में शानदार रही है। शानदार जीत के लिए बधाई। भारत के पूर्व बल्लेबाज और वर्तमान राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, भारत के लिए नैदानिक श्रृंखला जीत। श्रेयस अय्यर दोनों पारियों में देखने वाले थे, ऋषभ पंत अपने मनोरंजक सर्वश्रेष्ठ पर थे और बुमराह ने फिर से अपनी क्लास दिखाई। श्रीलंका के लिए, करुणारत्ने ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी लेकिन यह हमेशा एक कठिन काम होने वाला था। बधाई।



## भारतीय महिला फुटबॉल टीम 28 मार्च से गोवा में करेगी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली ।** एएफसी महिला एशियाई कप में खेलने के पश्चात दो महीने के ब्रेक के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम 28 मार्च से तीन अप्रैल तक चलने वाले सात दिवसीय ट्रेनिंग शिविर के लिये गोवा में एकत्रित होगी। मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी सैफ महिला अंडर-18 चैम्पियनशिप में भारतीय अंडर-18 टीम के साथ अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने के बाद अपने मार्गदर्शन में शिविर शुरू करेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को डेनेरबी ने कहा कि दोबारा शिविर में लौटने के लिए एक छोटा ब्रेक सभी के लिये अच्छा था। मुझे महसूस हो रहा है कि सभी तरोताजा हैं और आगे की नयी चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और फिर से तैयारी शुरू करेंगे। हमारी बहुत अच्छी टीम है।



**संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं-**

**गोलकीपर :** अदिति चौहान, लिंथोइंगाम्बी देवी, श्रेया हुड्डा, सौम्या नारायणासैमी

**डिफेंडर :** डालिमा छिब्बर, स्वीटी देवी, रितु रानी, आशालता देवी, रंजना चानू, मनीषा पन्ना, अस्तम ओराओन, क्रिटिना देवी

**मिडफील्डर:** अंजू तमांग, संध्या रंगनाथन, कार्तिका अंगामुथु, रतनबाला देवी, प्रियंगका देवी, कश्मीना, इंदुमती काथिरेसन, मार्टिना थॉकचोम, सुमित्रा कामराज

**फॉरवर्ड :** अपूर्णा नरजारी, ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा, प्यारी खाका, रेणु, करिश्मा शिरोवोइकर, मरियम्मल बालामुरूगन।

## ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप: सिंधू, लक्ष्य और श्रीकांत की नजरें खिताब का सूखा खत्म करने पर

**बर्मिंघम।** फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत पर सभी की नजरें टिकी होंगी जो बुधवार से यहां शुरू हो रही आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में भारत के खिताब के 21 साल के सूखे को खत्म करने के इरादे से उतरेंगे। सिंधू, साइना नेहवाल और श्रीकांत जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप का खिताब जीतने में नाकाम रहे हैं। पुलेला गोपीचंद (2001) और प्रकाश पादुकोण (1980) ही भारत के लिए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिताब जीत पाए हैं। साइना 2015 में फाइनल में पहुंचकर खिताब जीतने के करीब पहुंची थी जबकि ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों जैसी अन्य सभी बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने में सफल रही सिंधू भी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप नहीं जीत पाई हैं। छठे वरीय सिंधू एक बार फिर जीत की दावेदार के रूप में उतरेंगी जबकि 20 साल के लक्ष्य ने इस सुपर 1000 टूर्नामेंट से पहले लगातार अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीद जगाई है।

# अब नए नियमों के साथ होगा आईपीएल, एक मैच में आठ डीआरएस, कैच आउट का नियम भी बदला

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 नए नियमों के साथ खेला जाएगा। अब आईपीएल में डीआरएस से लेकर कैच आउट और रन आउट के नियम भी बदल गए हैं। वहीं कोरोना के खतरे को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट के शेड्यूल में भी बदलाव की गुंजाइश रखी गई है। अगर कोरोना के कारण कोई टीम पूरे 11 खिलाड़ी (जिसमें कम से कम सात भारतीय होने जरूरी हैं) मैदान में नहीं उतार पाती है तो वह मैच फिर से आयोजित कराया जाएगा। अगर बाद में भी मैच का आयोजन नहीं हो पाता है तो यह मामला तकनीकि समिति के पास जाएगा और समिति इस पर फैसला करेगी। आईपीएल में पहले यह नियम था कि अगर कोरोना के कारण कोई मैच नहीं हो पाता है तो इसका फिर से आयोजन किया जाएगा। अगर दूसरी बार भी मैच का आयोजन नहीं हो पाता है तो जो टीम अपने 11 खिलाड़ी मैदान में नहीं उतार पाएगी उसे हारा हुआ मान लिया जाएगा। इसके साथ ही विपक्षी टीम को दो अंक दे दिए जाएंगे।




**डीआरएस का नियम भी बदला**

आईपीएल में पहले एक पारी में एक डीआरएस मिलता था। कुल मिलाकर मैच में दोनों टीमों के पास चार डीआरएस होते थे। एक टीम के पास दो डीआरएस होते थे, जिनमें से एक बल्लेबाजी और एक गेंदबाजी के दौरान इस्तेमाल किया जा सकता था। क्रिकबज की खबर के अनुसार अब एक पारी में दो डीआरएस होंगे। इसका मतलब है कि मैच में कुल आठ डीआरएस होंगे। एक टीम के पास चार डीआरएस होंगे। दो का इस्तेमाल बल्लेबाजी और दो डीआरएस का इस्तेमाल गेंदबाजी के दौरान किया जा सकेगा। इसका मतलब है कि एक डीआरएस बर्बाद होने पर भी टीमों के पास एक डीआरएस बचा रहेगा, जबकि पहले ऐसा नहीं था।

**क्या है कैच आउट का नया नियम?**-मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई ने तय किया है कि आईपीएल 2022 में एमसीसी के नए नियम भी लागू किए जाएंगे। अब किसी बल्लेबाज के कैच आउट होने पर नए बल्लेबाज को ही अगली गेंद खेलनी होगी। अब तक यह नियम था कि कैच पकड़े जाने से पहले अगर बल्लेबाजों ने छोर बदल लिए हैं तो नॉन स्ट्राइक पर खड़ा बल्लेबाज अगली गेंद खेलता था। हालांकि, जब कोई बल्लेबाज ओवर की आखिरी गेंद पर कैच आउट होगा तो अगले ओवर की पहली गेंद दूसरे छोर पर खड़ा बल्लेबाज ही खेलेगा। अब आईपीएल में भी मांकड़िंग को रन आउट की श्रेणी में माना जाएगा। अगर नॉन स्ट्राइक में खड़ा कोई बल्लेबाज गेंद फेंकी जाने से पहले क्रीज छोड़ देता है और गेंदबाज गिल्लियां बिखेर देता है तो उसे रन आउट माना जाएगा।

**सुपर ओवर नहीं हुआ तो अंकतालिका के आधार पर विजेता का एलान**

अगर प्लेऑफ या फाइनल मैच टाई हो जाता है और सुपर ओवर नहीं हो पाता है तो अंकतालिका में ऊपर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। हालांकि, अधिकतर टाई मैचों में सुपर ओवर होता है और इसी के जरिए विजेता का एलान होता है। किसी सुपर ओवर के टाई होने की संभावना बेहद कम होती है।

## महिला विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया का विजयी अभियान जारी, वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए मंगलवार को यहां आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के एकतरफा लीग मुकाबले में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हरा दिया। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया चार मैच में चार जीत से आठ अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। वर्ष 2013 का उप-विजेता वेस्टइंडीज ऑस्ट्रेलिया को कोई चुनौती नहीं दे पाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम 45.5 ओवर में सिर्फ 131 रन पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज की और से कप्तान स्टेफनी टेलर ही टिककर बल्लेबाजी कर पाई जिन्होंने 91 गेंद में 50 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज ने शुरुआत से ही नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम इससे कभी उबर नहीं पाई। टेलर हालांकि एक छोर पर डटी रही लेकिन दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते रहे।




वेस्टइंडीज की बल्लेबाजों के जूझने का अंदाजा इस बात से लग सकता है कि टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी चौथे विकेट के लिए 36 रन की रही। टेलर और विकेटकीपर बल्लेबाज शेमाइन कैंपबेल (20) के बीच यह साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिस पैरी ने 22 जबकि एशलेग गार्डनर ने 25 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। जेस जोनासेन ने 18 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

ऑस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाज रेशेल हेन्स की 95 गेंद में नौ चौकों की मदद से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत 30.2 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने एलिसा हीली (03), कप्तान मेग लेनिंग (00) और एलिस पैरी (10) के विकेट जल्दी गंवा दिए जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 58 रन हो गया।

रेशेल ने हालांकि बेथ मूनी (नाबाद 28) के साथ 74 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिला दी। वेस्टइंडीज की ओर से चिनेल हेनरी ने 20, हेली मैथ्यूज ने 31 और शेमिला कोनेल ने 32 रन देकर एक विकेट चटकाया। ऑस्ट्रेलिया की टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय है। वेस्टइंडीज को चार मैचों में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा और टीम चार अंक के साथ पांचवें स्थान पर चल रही है।

## वेस्टइंडीज पर जीत के बाद एलिसा पेरी ने अपनी लय को लेकर दिया ये बयान

**वेलिंगटन।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप मैच में वेस्टइंडीज को हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिसा पेरी ने कहा कि वह अपनी निरंतरता पर काम कर रही हैं। पेरी और एशले गार्डनर ने तीन विकेट झटके जिससे टीम ने वेस्टइंडीज को 131 रन पर समेटने के बाद 30.2 ओवर में 132 रन बनाकर 7 विकेट से जीत दर्ज की। पेरी ने मैच के बाद कहा कि यहां वास्तव में अच्छी स्थितियां थीं। हवा और ढलान ने मदद की। इन परिस्थितियों में गेंदबाजी करना प्रभावी था। मैं निरंतरता पर काम कर रही हूं और फिर विविधताओं पर थोड़ा काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मुझे प्रशिक्षण पसंद है। मैं जितनी अधिक गेंदबाजी करती हूं, लय उतनी ही बेहतर होती है। हमने अपने समूह में कहा है कि यह स्थल हमारे लिए एक तरह का आधार होगा। राच ने वास्तव में अच्छा खेला।



ऑस्ट्रेलिया की 132 रनों का पीछा करते हुए शुरुआत खराब रही और एलिसा हीली को तीसरे ओवर में हेले मैथ्यूज ने केवल छह रन पर आउट कर दिया। इसके बाद चौथे ओवर में मेग लैनिंग का विकेट शमिलिया कॉनेल ने लिया जिससे टीम का कुल स्कोर 7/2 हो गया। इसके बाद पेरी क्रीज पर आई और हेन्स के साथ पारी खेली। उनकी साझेदारी 16वें ओवर में चिनले हेनरी ने तोड़ी गई और पेरी 10 रन बनाकर आउट हो गईं। बाद में बेथ मूनी ने हेन्स के साथ हाथ साझेदारी करते हुए जीत दर्ज करते हुए वापस लौटीं।

## पूर्व भारतीय खिलाड़ी का बड़ा बयान, विराट अब पहले जैसे बल्लेबाज नहीं रहे

**नई दिल्ली।** विराट कोहली के बल्ले से फैंस शतक का इंतजार कर रहे हैं। विराट कोहली को शतक लगाए हुए दो साल से भी ज्यादा का समय हो गया है। विराट कोहली के बल्ले से रन तो निकल रहे हैं पर वह बड़ी पारी में तब्दील करने में नाकाम हो रहे हैं। बेंगलुरु में चल रहे टेस्ट मैच में फैंस को विराट कोहली के बल्ले से शतक की उम्मीद थी। पर फिर एक बार वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। विराट के इस फॉर्म पर पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने बयान दिया है।वसीम जाफर ने विराट की बल्लेबाजी पर कहा कि भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर के कुछ बल्लेबाजों के प्रदर्शन से खुश नहीं हूं। वहीं विराट की फॉर्म भी काफी चिंताजनक है। क्योंकि वह बड़ी पारियों में तब्दील नहीं कर पा रहे हैं। मैं समझ सकता हूं कि बेंगलुरु की पिच वैसी नहीं है जहां पर आपको बड़े शतक देखने को मिले।जाफर ने आगे कहा कि विराट कोहली अब वैसे खिलाड़ी नहीं रह गए हैं जो पहले थे। कई बार विराट अनलकी भी रहे। पर फैंस को उनसे 71वें शतक की उम्मीद बनी रहती है। पर जब आपका करियर इतना बड़ा होता है तब आपके ऐसे उतार चढ़ाव देखने को मिलते रहते हैं।गौर हो कि डे-नाईट टेस्ट मैच में विराट कोहली के बल्ले से कुछ खास रन नहीं बने। विराट कोहली के बल्ले से श्रीलंका खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 23 और दूसरी पारी में 13 रन बनाए। दोनों ही बार गेंद नीचे रहने के कारण विराट कोहली आउट हो गए।



## बुमराह ने शादी की पहली सालगिरह पर पत्नी के लिए लिखा खास नोट

**नई दिल्ली।** भारतीय उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पिछले साल स्पोर्ट्स एंकर संजना गणेशन से शादी की थी। शादी की पहली सालगिरह पर बुमराह ने अपनी पत्नी के लिए एक स्पेशल नोट लिखा है और इसी के साथ ही शादी का एक वीडियो भी शेयर किया है। बुमराह ने इंस्टाग्राम पर शादी की पहली सालगिरह पर पत्नी संजना को बधाई देते हुए लिखा, जब हम साथ होते हैं तो जीवन बेहतर होता है। वास्तव में इसे कहने का कोई बेहतर तरीका नहीं है। तुम मुझे खुश, दयालु, मजेदार, अधिक शांतिपूर्ण बनाती हो। यह जानते हुए कि हम दोनों एक-दूसरे के जीवन में अर्थ और स्थिरता जोड़ते हैं। एक वर्ष उस समय का एक छोटा सा अंश है जिसे मैं आपके साथ बिताने की योजना बना रहा हूं, सालगिरह मुबारक हो। मैं तुमसे प्यार करता हूं। वहीं संजना ने भी इस खास मौके पर बुमराह को विश किया और इंस्टाग्राम पर लिखा, एक साल हो गया है जब हमने एक साथ जीवन जीने का वादा किया था। एक साल जब हमने अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ अपने प्यार का जश्न मनाया और जितना मैंने सोचा था उससे कहीं ज्यादा खुश रहने का एक साल। हैप्पी एनिवर्सरी, मैं आपके लिए केक और किस के साथ जश्न मनाने का इंतजार नहीं कर सकता।

## ऋषभ पंत पर बोले रोहित शर्मा- वह जैसा भी खेले उसे स्वीकार करने को तैयार हैं हम

**बेंगलुरू।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली से कई बार ऋषभ पंत विकेट सस्ते में गंवा देते हैं लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को कहा कि मिनटों में मैच की तस्वीर बदलने की उनकी काबिलियत के चलते वे उसकी स्वाभाविक शैली को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। रोहित ने यह भी कहा कि पंत से हालात और पिच के अनुरूप बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया है। पंत को श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया।रोहित ने दूसरे टेस्ट के बाद कहा- हमें पता है कि वह कैसे बल्लेबाजी करता है और एक टीम के रूप में हम उसे स्वाभाविक खेल दिखाने की स्वतंत्रता देना चाहते हैं। लेकिन उससे कहा गया है कि मैच की स्थिति और पिच को भी ध्यान में रखे। उन्होंने कहा कि वह बेहतर होता जा रहा है। कई बार ऐसा भी होता है कि आप सिर धुनने लगते हैं कि उसने ऐसा शॉट क्यो खेला लेकिन हमें उसे उसी रूप में स्वीकार करना होगा, जैसे वह खेलता है।



उन्होंने कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो आधा घंटे या 40 मिनट में मैच का नक्शा बदल सकता है। उसकी विकेटकीपिंग भी बेहतरीन है और हर मैच में उसके प्रदर्शन में सुधार आ रहा है। डीआरएस के उसके फैसले भी स्टीक हो रहे हैं। टेस्ट कप्तानी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि टीम में कुछ सीनियर खिलाड़ी हैं जो खेल को बखूबी समझते हैं और अपनी राय देते हैं। मेरी अपनी समझ है। कप्तानी के मामले में मेरा फलसफा यही है कि उस समय जो सही लगे, वही फैसला लो। मैं मैदान पर ही हालात का आकलन करता हूं।

रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन की भी तारीफ की। उन्होंने यह भी कहा कि टीम का दीर्घकालिन लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हम बहुत आगे की नहीं सोच रहे क्योंकि उससे काम नहीं चलेगा। हमें वर्तमान पर नजर रखनी होगी। छोटे-छोटे लक्ष्य बनाना जरूरी है।

## इंडियन वेल्स में हारे मेदवेदेव, तीन हफ्ते में छिन गया नंबर एक का ताज, जोकोविच फिर शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** इंडियन वेल्स मास्टर्स के तीसरे दौर में हार के साथ ही डेनिल मेदवेदव टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। इसका असर डब्लूटीए रैंकिंग पर भी पड़ा है और मेदवेदव दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। तीन हफ्ते बाद ही उनकी बादशाहत छिन गई है और जोकोविच एक बार फिर दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। इंडियन वेल्स के तीसरे दौर में फ्रांस के गेल मोनफिल्स ने उन्हें 4-6, 6-3, 6-1 के अंतर से पराजित किया। दो घंटे तक चले इस मैच में दुनिया के 28वें नंबर के खिलाड़ी ने शानदार खेल दिखाया और 2009 के बाद पहली बार किसी ऐसे खिलाड़ी को हराया जो टेनिस रैंकिंग में पहले पायदान पर था। इस जीत के साथ ही 35 साल के गेल मोनफिल्स इंडियन वेल्स के चौथे दौर में पहुंच चुके हैं। मेदवेदेव 28 फरवरी को दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बने थे और तीन हफ्ते बाद उन्होंने नंबर एक का ताज गंवा दिया है। इसके साथ ही वो इंडियन वेल्स से बाहर हो चुके हैं।




**यूक्रेन की पत्नी को समर्पित की जीत**

मोनफिल्स की पत्नी इलिना स्वितोलिना यूक्रेन की रहने वाली हैं और मैच जीतने के बाद उन्होंने अपनी जीत पत्नी को समर्पित की। यूक्रेन फिलहाल रूस के साथ युद्ध लड़ रहा है और रूसी सेना यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुकी है। इस बीच रूसी खिलाड़ी को हराने के बाद मोनफिल्स ने अपनी जीत पत्नी को समर्पित की। चौरे दौर में मोनफिल्स का सामना स्पेन के कार्लोस अल्कारेज से होगा। 19वीं वरीयता प्रापत् अल्कारेज ने तीसरे दौर में 15वीं वरीयता प्राप्त रोबर्टो को 6-2, 6-0 के अंतर से हराया था। इस मैच में मेदवेदेव ने शानदार शुरुआत की थी और पहला सेट 4-6 के अंतर से अपने नाम किया था।

## महिला सीपीएल की घोषणा, 3 टीमें लेंगी हिस्सा अगस्त से होने की आशंका

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के 2022 संस्करण में पुरुषों के साथ-साथ महिला टूर्नामेंट भी होगा, जिसमें तीन टीमें महिला सीपीएल (डब्ल्यूसीपीएल) के पहले संस्करण के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इसकी घोषणा की। महिला सीपीएल के पहले खिताब के लिए तीन टीमें बारबाडोस रॉयल्स, गुयाना अमेजन वारियर्स और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स आपस में भिड़ेंगी, जिनके मुकाबले पुरुषों के टूर्नामेंट के दौरान खेले जाएंगे, जो 30 अगस्त से 30 सितंबर के बीच निर्धारित है।सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने कहा कि वेस्ट इंडीज की महिलाओं और लड़कियों के लिए क्रिकेट में शामिल होने के अवसरों को बढ़ाना सीडब्ल्यूआई की रणनीतिक प्राथमिकताओं में से एक है और हमें खुशी है कि हम सीपीएल के साथ साझेदारी करने में सक्षम हैं ताकि विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाया जा सके, जिन्हें हमने कोरोना महामारी के आने से पहले 2019 में पहली बार शुरू किया था। हमें विश्वास है कि सभी सीपीएल महिला मैच अत्यधिक प्रतिस्पर्धी होंगे और इस क्षेत्र और दुनिया भर में हमारे प्रशंसकों के लिए गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन करेंगे। सीपीएल के सीईओ सेंट पीट रसेल ने कहा कि सीपीएल में एक महिला आयोजन को शामिल करना एक ऐसी चीज है जो लंबे समय से एक महत्वाकांक्षा रही है और हमें बहुत खुशी है कि यह एक वास्तविकता बन गई है। हम इसे सच बनाने के लिए हमारे साथ काम करने के लिए सीडब्ल्यूआई को धन्यवाद देना चाहते हैं। 2019 सीपीएल के दौरान हुआ महिला टी-10 चैलेंज टूर्नामेंट एक बड़ी सफलता थी। अब हम अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं। रसेल ने कहा कि हमें 2022 के टूर्नामेंट की तारीखों की पुष्टि करते हुए बहुत खुशी हो रही है और दुनिया और क्षेत्रों की यात्रा आसान होने के साथ सीपीएल इस साल एक से अधिक देशों का दौरा करने में सक्षम होगा, इसलिए प्रशंसक एक बार फिर से व्यक्तिगत रूप से सीपीएल का आनंद ले सकेंगे। सीडब्ल्यूआई की एक विज्ञप्ति के मुताबिक टूर्नामेंट चार देशों में खेला जाएगा, जिसमें तीन ग्रुप चरणों की मेजबानी करेंगे और चौथे देश में नॉकआउट चरण खेला जाएगा। वेस्ट इंडीज के सभी चयनित महिला और पुरुष खिलाड़ी दोनों टूर्नामेंटों में पूरी अवधि के लिए उपलब्ध रहेंगे।



## नेपालः चीफ जस्टिस पर महाभियोग आने के बाद अब दूसरे 'भ्रष्ट' जज भी निशाने पर

**काठमांडू।** नेपाल में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर राणा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो गई है, लेकिन देश में न्यायपालिका में जारी विवादों पर विराम नहीं लगा है। महाभियोग प्रस्ताव पर नेपाल की संसद में चर्चा शुरू हुई। प्रस्ताव पेश करते हुए नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओइस्ट सेंटर) के नेता देव गुरुंग ने राणा को हटाने के पक्ष में 21 कारणों का जिक्र किया। इन कारणों में एक यह आरोप है कि राणा भ्रष्टाचार में शामिल रहे हैं। उन्होंने गैर-कानूनी तरीकों से धन कमाया है। इस काम में उन्होंने अपने परिजनों और दूसरे जजों का इस्तेमाल बिचौलिये के रूप में किया। राणा फिलहाल निलंबित हैं। उनके भविष्य का फैसला अब संसद करेगी।



लेकिन इस बीच संविधान और कानून के जानकारों ने सवाल उठाया है कि जिन जजों, अधिकारियों, और राणा के परिजनों का जिक्र महाभियोग प्रस्ताव में हुआ है, उनका क्या होगा। 98 सांसदों की तरफ से पेश महाभियोग प्रस्ताव में ऐसे कई नामों का उल्लेख हुआ है। वरिष्ठ वकील और कॉन्स्टीट्यूशनल लॉयर्स फोरम के अध्यक्ष दिनेश त्रिपाठी ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा- 'महाभियोग प्रस्ताव में किए गए दावों से पार्टियों और सांसदों के सामने नैतिक और वैधानिक दायित्व का सवाल खड़े हो गया है। उन्हें अब उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी होगी, जिनके बारे में कहा गया है कि वे भ्रष्टाचार और अनुचित न्यायिक व्यवहार में शामिल हुए।'

## चीन कर चुका फैसला : रूस को आर्थिक व सैन्य सहायता देगा, ड्रैगन को समझाइश के अमेरिकी प्रयासों को धक्का

**बीजिंग।** रूस व चीन के दोस्ताना रिश्ते किसी से छिपे नहीं हैं। उसे निभाने के लिए चीन ने यूक्रेन जंग के बीच रूस की सैन्य व आर्थिक मदद का फैसला कर लिया है। इससे रूस की मदद नहीं करने के लिए चीन को राजी करने के अमेरिकी प्रयासों को धक्का पहुंचा है। अमेरिकी अधिकारियों को आशंका है कि चीन यूक्रेन में सशस्त्र ड्रोन भेज सकता है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, जेक सुलिवन ने इटली की राजधानी रोम में चीन के एनएसए यांग जिएची के साथ सात घंटे की मैराथन बैठक की। इसमें उन्होंने यूक्रेन पर हमले को लेकर अमेरिकी पक्ष रखा।

अमेरिकी दल को रोम में चीनी अधिकारियों व राजनयिकों के साथ मुलाकात की संभावना कम थी। बाइडन प्रशासन के एक अधिकारी ने इस मुलाकात के बाद कहा कि सात घंटे की गहन चर्चा से अंदाज लगाया जा सकता है कि कितना नाजुक दौर चल रहा है। यह संवाद जारी रखने की हमारी वचनबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह बैठक किसी विशेष मुद्दे ना नतीजों को लेकर नहीं थी, बल्कि सीधे संवाद का प्रयास थी।

## इराक में अमेरिकी कांसुलेट पर हमलाः ईरान ने ली मिसाइल हमले की जिम्मेदारी, विदेश मंत्रालय ने कहा- तेहरान को होने वाले खतरों पर चेताया

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सईद खतीबजादेह ने सोमवार को कहा कि तेहरान ने कई बार इराकी अफसरों को चेतावनी दी थी कि ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए उसके क्षेत्र का इस्तेमाल तीसरे पक्ष द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। इस बीच, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ले ली है। इस हमले में अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाया गया था।




खतीबजादेह ने कहा, यह सीरिया में इस्राइल के हमलों के जवाब में दागी गई। उन्होंने यह बात ईरान द्वारा उत्तरी इराक में कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल पर एक दर्जन बैलेस्टिक मिसाइलों से किए हमले के एक दिन बाद कही। उन्होंने कहा, इराक की केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि उसके क्षेत्र का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ तीसरे पक्ष के हमलों के लिए आधार के रूप में न किया जाए। उन्होंने कहा, अतीत में कई बार इराक के क्षेत्र का इस्तेमाल कुर्द आतंकियों समेत अमेरिका और अन्य आतंकी गुटों ने तीसरे पक्ष से मिलकर ईरान के खिलाफ किया। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया जब ईरान के साथ 2015 में अमेरिका द्वारा खत्म किए गए परमाणु समझौते पर दोबारा वार्ता शुरू कराई है।

# मालदीव के राष्ट्रपति ने की भारत की तारीफ, बोले- इंडिया ने हमारी अर्थव्यवस्था को सुधारने में मदद की

**मालदीव।** मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम सोलिह ने कोविड-19 महामारी के दौरान मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया है और इस बात को रेखांकित किया कि भारत ने कई मौकों पर कोविड-19 रोधी टीकों का दान किया तथा द्वीपीय राष्ट्र की खुले दिल से सहायता की।

अपने देश के नागरिकों को संबोधित करते हुए सोलिह ने मालदीव के मित्र द्विपक्षीय भागीदारों को धन्यवाद दिया जिन्होंने कोविड-19 से



मुकाबला के उसके प्रयासों में सहायता की।

**इंडिया ने संभाली हमारी इकॉनमी**-सोलिह ने कहा, ''मैं इस अवसर पर भारत, जापान, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), चीन, बांग्लादेश, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र की कुछ एजेंसियों का जिक्र करना चाहता हूं जिन्होंने देश की सहायता की।' उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में भारत ने कई मौकों पर उदारतापूर्वक हमारी सहायता की है। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी राष्ट्रपति के भाषण के अनुवाद के अनुसार, ''भारत ने सबसे अधिक टीके दान किए। भारत ने हमारी अर्थव्यवस्था को ठीक करने में मदद करने के लिए 25 करोड़ अमेरीकी डॉलर के वित्तीय बांड खरीदे।

**पर्यटकों के लिए यात्रा गलियारा बनाया**

हमें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत से बहुत सारे उपकरण प्राप्त हुए।' सोलिह ने कहा कि साथ ही, पर्यटकों के आगमन को सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के बीच एक यात्रा गलियारा बनाया गया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारत ने मालदीव के लोगों के लिए तत्काल स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता को आसान बनाया, जिससे उन्हें देश की यात्रा करने की अनुमति मिली। उन्होंने कहा कि मालदीव के अलावा किसी अन्य देश को यह विशेषाधिकार नहीं दिया गया था। भारत ने महामारी के दौरान विशेष रूप से कोविड-19 रोधी टीकों की आपूर्ति कर कई देशों की मदद की है।

## भारत से पाकिस्तान में गिरी मिसाइल के दुर्घटनावश चलने के अलावा कोई अन्य कारण नजर नहीं आताः अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि हाल में भारत की ओर से पाकिस्तान में गिरी मिसाइल के ''दुर्घटनावश चलने के अलावा'' अन्य कोई कारण नजर नहीं आता। भारत सरकार ने गत कहा था कि दो दिन पहले गलती से एक मिसाइल चल गई थी, जो पाकिस्तान में गिरी और यह ''बेहद खेदजनक'' घटना नियमित रख रखाव के दौरान एक तकनीकी खराबी के कारण हुई थी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जैसा कि आपने हमारे भारतीय साथियों से भी सुना है कि यह घटना एक गलती के अलावा और कुछ भी नहीं थी, हमें भी इसके पीछे और कोई कारण नजर नहीं आता।'' प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''आप इस संबंध में अन्य कोई भी सवाल भारतीय रक्षा मंत्रालय से करें।

*अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने सोमवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जैसा कि आपने हमारे भारतीय साथियों से भी सुना है कि यह घटना एक गलती के अलावा और कुछ भी नहीं थी, हमें भी इसके पीछे और कोई कारण नजर नहीं आता।''*

उन्होंने नौ मार्च को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया था कि वास्तव में उस दिन क्या हुआ था। हम उससे इतर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते।'' इससे पहले नयी दिल्ली में, भारत के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और इसमें एक 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है। उससे एक दिन पहले पाकिस्तान ने कहा था कि भारत द्वारा छोड़ी गई एक ''तेज गति से उड़ने वाली एक वस्तु'' उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई और पंजाब प्रांत के खानेवाल जिले में मियां चन्नू के पास गिरी।

पाकिस्तान ने रात इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग प्रभारी को समन किया था और भारतीय 'सुपरसोनिक प्रोजेक्टाइल' के उसके हवाई क्षेत्र में ''बिना किसी कारण'' प्रवेश पर कड़ा विरोध व्यक्त किया था।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने भी घटना की गहन संयुक्त जांच की मांग की है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा था, ''तकनीकी खराबी के कारण नौ मार्च को नियमित रखरखाव के दौरान दुर्घटनावश एक मिसाइल चल गई। भारत सरकार ने दुर्घटनावश मिसाइल चल जाने की घटना को गंभीरता से लिया है और उच्च स्तरीय 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' के आदेश दिए हैं।'' बयान में कहा गया, ''पता चला है कि मिसाइल पाकिस्तान के एक इलाके में गिरी है। यह घटना अत्यंत खेदजनक है। राहत की बात है कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।''

## यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ चौथी बार प्रतिबंध लगाए

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ ने रूस को यूक्रेन पर हमला करने की सजा के तौर पर उसके खिलाफ चौथी बार प्रतिबंध लागू करने की घोषणा की है। ईयू की अध्यक्षता कर रहे फ्रांस ने कहा कि 27 देशों की सदस्यता वाले ईयू ने ''हमारे अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ विचार-विमर्श करके यूक्रेन के खिलाफ हमले में शामिल लोगों एवं प्रतिष्ठानों तथा रूसी अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले चौथे पैकेज को मंजूरी दी है।' फ्रांस ने रात जारी एक बयान में कहा कि ईयू ने ''रूस के लिए सबसे पसंदीदा-राष्ट्र के पद संबंधी आवेदन को खारिज करने और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में प्रवेश के लिए बेलारूस के आवेदन की जांच को बंद करने संबंधी' डब्ल्यूटीओ की घोषणा को भी मंजूरी दे दी है। यदि रूस को निलंबित कर दिया जाता है, तो कंपनियों को ब्लॉक में विशेष तवज्जो नहीं मिलेगी।

ईयू के नेताओं ने गत वर्सलीज में आयोजित सम्मेलन में कहा था कि यदि रूस यूक्रेन पर हमला जारी रखता है, तो प्रतिबंधों के कड़े पैकेज लागू किए जाएंगे। इसी घोषणा के अनुरूप हालिया घोषणा की गई। रूस पर और कौन से प्रतिबंध लगाए गए हैं, इसके बारे में ईयू की आधिकारिक पत्रिका के प्रकाशित होने के बाद ही पता चल पाएगा। यूक्रेन के खिलाफ पिछले महीने शुरू किए गए युद्ध के बाद से ईयू ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, रूस की वित्तीय प्रणाली और उसके कुलीन वर्ग को निशाना बनाकर कड़े प्रतिबंध लागू किए हैं।

## रूस का दावा- यूक्रेन ने रिहायशी इलाके में मिसाइल से किया हमला, 20 की मौत

**वाशिंगटन।** रूस-यूक्रेन के बीच जंग को अब 19 दिन बीत चुके हैं। दोनों देशों के बीच सुलह का कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच चौथे दौर की बातचीत सोमवार को हुई जो मंगलवार को भी जारी रहा

वहीं अब रूसी विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन के दोनेत्सक में हमले को लेकर जारी बयान में कहा, '14 मार्च को यूक्रेन की सेना ने दोनेत्सक में एक आवासीय इलाके के आसपास टोचका-यू सामरिक मिसाइल दागी। इस हमले में 20 लोगों की मौत हुई है और 28 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

इस बीच रूस की ओर से यूक्रेन पर हमले और भी ज्यादा तेज कर दिए गए हैं। यूक्रेन के 24 शहरों को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, खबर आई है कि इस युद्ध को समाप्त करने के लिए



इस्राइल मध्यस्थता करेगा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक बार फिर नाटो से यूक्रेन के हवाई क्षेत्र को बंद करने की अपील की है। उधर, बाइडन प्रशासन इस बात पर चर्चा कर रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन यूक्रेन को लेकर चर्चा करने के लिए सहयोगियों से मिलने यूरोप जा सकते हैं। साथ ही अमेरिका ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

## चीन में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन में हिस्सा लेने वाले कानूनी विद्वान की अमेरिका में हत्या

**न्यूयॉर्क।** चीन में 1989 के थ्यानमेन चौक लोकतंत्र समर्थक आंदोलन में भाग लेने के बाद दो साल तक जेल की सजा काटने वाले असंतुष्ट कानूनी विद्वान ली जिनजिन (66) की न्यूयॉर्क में उनकी कानूनी कम्पनी के कार्यालय में हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। ली जिनजिन ने अमेरिका से शरण मांगी थी और अनुमति मिलने के बाद वह यहीं बस गए थे। पुलिस ने बताया कि ली जिनजिन की शहर में चाकू घोपकर हत्या कर दी गई।

वह काफी समय से शहर में बतौर आव्रजन वकील काम कर रहे थे। थ्यानमेन चौक लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के दौरान चीन के अधिकारियों द्वारा कई लोगों को जेल में बंद करने या मारे जाने संबंधी कई मामले उन्होंने उठाए थे। पुलिस ने बताया कि ली जिनजिन की हत्या के मामले में जियाओनिंग झांग (25) को हिरासत में लिया गया है और उस पर हत्या का आरोप लगाया गया



है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा और उसके पास कोई वकील है या नहीं। ली के मित्र 'चाइना डेमोक्रेसी पार्टी' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चुआंग चुआंग चेन और वकील वेई झू ने 'न्यूयॉर्क डेली न्यूज' को बताया कि हो सकता है कि झांग ने उसका मामला लड़ने से मना करने पर ली की हत्या कर दी हो। चेन ने बताया कि झांग अगस्त में लॉस एंजिलिस में एक स्कूल में पढ़ाई करने के लिए एफ-1 छात्र वीजा पर अमेरिका आई थी।

## पूरी तरह से रूस के कब्जे में आया खेरसान

**कीवः** रूस-यूक्रेन के बीच जंग का 20वां दिन के बीच दोनों देशों के बीच अब तक कई बार बातचीत हो चुकी है, लेकिन जंग को समाप्त करने के लिए आम सहमति नहीं बन पा रही है। लंबी खिचती जंग के बीच रूस के सैन्य उपकरण और गोला-बारूद तेजी से खत्म हो रहे हैं। पूर्व अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने दावा किया है कि रूस के पास सिर्फ दस दिन का ही गोला-बारूद बचा है। वहीं यूक्रेन बनाम रूस मामले में अंतरराष्ट्रीय अदालत 16 मार्च को अपना फैसला सुना सकती है।

**रूस का खेरसान पर पूर्ण कब्जे का दावा**

रूस की ओर से दावा किया सबसे बड़े शहर खेरसान को पूरी तरह से अपने कब्जे में ले लिया है।



**तीन देशों के प्रधानमंत्री करेंगे कीव की यात्रा**

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच चेक गणराज्य, पोलैंड और स्लोवेनिया के प्रधानमंत्री कीव की यात्रा करेंगे। तीनों देशों के प्रधानमंत्री यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि के रूप में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे।

## चीन में संक्रमण के दैनिक मामले हुए दोगुने, ईस्टर छुट्टियों से पहले यात्रा प्रतिबंध हटाएगा ब्रिटेन

**लंदनः** ब्रिटेन सरकार ने कहा है कि ईस्टर के अवसर पर स्कूल की छुट्टियों से पहले कोविड-19 संबंधी सभी यात्रा प्रतिबंधों को समाप्त कर दिया जाएगा। ब्रिटेन के परिवहन मंत्री ग्रांट शैप्स ने सोमवार को कहा कि इन बदलावों का अर्थ है कि लोग ''पुराने अच्छे दिनों की तरह यात्रा कर पाएंगे।' ब्रिटेन में कोविड-19 प्रतिबंधों के तहत यात्रियों को एक प्रपत्र में यात्रा संबंधी विवरण देना होता है। उन्हें यह बताना होता है कि वे ब्रिटेन में कहां रहेंगे और उन्होंने टीकाकरण कराया है या नहीं, लेकिन शुक्रवार से यह प्रपत्र भरने की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी।

इसके अलावा टीकाकरण नहीं कराने वाले यात्रियों को देश



में आने से पहले और आने के बाद कोविड-19 संबंधी जांच करानी होती है। यह अनिवार्यता भी समाप्त हो जाएगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और नदर्न आयरलैंड में जनवरी के अंत के बाद से पहली बार संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इंग्लैंड में संक्रमण के नए मामलों में से कई मामले ओमीक्रोन के अत्यधिक संक्रामक उप-स्वरूप से संबंधित हैं। स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने कहा, '' हम संभावित नए स्वरूप पर नजर रखना जारी रखेंगे और जरूरत पड़ने पर एहतियाती उपाय फिर लागू किए जा सकते हैं।'

**सबसे बड़े प्रकोप का सामना कर रहा चीन**

चीन में एक दिन पहले के मुकाबले मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के दोगुने दैनिक मामले सामने आए। चीन, वैश्विक महामारी के शुरुआती दिनों के बाद से अब तक के सबसे बड़े प्रकोप का सामना कर रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 3,507 नए मामले सामने आए, जबकि उससे एक दिन पहले 1,337 दैनिक मामले सामने आए थे। चीन में कोरोना वायरस के अत्यधिक संक्रामक 'स्टील्थ ओमीक्रोन' स्वरूप के कारण संक्रमण के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं। पूर्वोत्तर चीन के जिलिन प्रांत में संक्रमण के सबसे अधिक 2,601 नए मामले सामने आए हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## भारतीय मिसाइल ट्रैक न कर पाने पर पाकिस्तानी वायुसेना के तीन अधिकारी बर्खास्त

**इस्लामाबाद।** तकनीकी खामी के चलते 09 मार्च को भारतीय मार्ग से भटककर सीमा पार पहुंची मिसाइल के मामले को उठाकर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान जनता का ध्यान बांटना चाह रहे हैं। विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही पाकिस्तान सरकार इस मसले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने से भी नहीं चूक रही है। भारत की मिसाइल ट्रैक न कर पाने के आरोप में पाकिस्तानी वायुसेना के तीन अधिकारी बर्खास्त किये गए हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान इस समय विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव सहित अपनी सरकार की नाकामियों को लेकर बुरी तरह घिरे हुए हैं। ऐसे में उन्हें भारत की ओर से दुर्घटनावश चली एक मिसाइल के रूप में अपनी नाकामियां छिपाने का हथियार मिल गया है। वैसे भारतीय मिसाइल के पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में घुसने और 124 किलोमीटर अंदर मियां चुन्नू इलाके में गिरने के बाद पाकिस्तानी फौज में खलबली है। पाकिस्तान में सबसे ज्यादा सवाल इस बात पर उठ रहे हैं कि पाकिस्तानी वायुसेना इस घटना पर दो दिन



बाद क्यों सक्रिय हुई। मिसाइल फायर होते ही उसे क्यों नहीं पकड़ा जा सका। इन आरोपों में वायु सेना के एक कमांडर और दो एयर मार्शल स्तर के अधिकारियों को बर्खास्त भी किये जाने की जानकारी सामने आ रही है।

इस बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने यह मसला जर्मनी के सामने भी उठाया है। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेरबॉक को घटना की जानकारी देने के साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मिसाइल गिरने की घटना को गंभीरता से ध्यान देने को कहा है। इस मसले को भारत की गैरजिम्मेदाराना हरकत करार देकर उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव से भी चर्चा की है।

इस मामले में अमेरिका भारत के साथ खड़ा दिख रहा है। अमेरिका ने कहा है कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि हाल ही में भारत की ओर से पाकिस्तान में जानबूझकर मिसाइल से फायरिंग की गई थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने संवाददाताओं से कहा कि यह घटना महज एक दुर्घटना के अलावा कुछ भी नहीं थी।